Haryana Vidhan Sabha

Debates

18th January, 1972 (Morning sitting)

Vol. I No.7

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Tuesday, the 18th January, 1972

(Morning sitting)

	Page
Started Questions and Answers	(7)1
Point of order-	
Regarding Change in the order of the House	(7)21
Presentation of the Report of the Business Advisory Committee	(7)24

Observation made by the Speaker regarding the refusal of the Government to reply to question pertaining to more than one Department	(7)27
Call Attention Notice	(7)34
Question of Privilege regarding the publication of a news items in the 'Hindustan Times'	(7)36
Resolution re-lack of Confidence in the Deputy Speaker	(7)37
Announcement by the Secretary	(7)40
Personal Explanation by Chaudhri Ranbir Singh	(7)40
Presentation of Report of the Committee on Estimates	(7)41
Supplementary Estimates (Second instalment) 1971-72	(7)41
(i) Estimates of the Expenditure charged on the Revenue of the State.	
(ii) Discussion and voting of Demands for Supplementary Grants	
Official Resolution:-	(7)54
Re-ratification of the amendments to the Constitution of India falling within the purview of the proviso to Clause (2) of Article 368 thereof	

HARYANA VIDHAN SABHA

Tuesday, the 18th January, 1972 (Morning sitting)

The Vidhan Sabha met in the Hall of the Haryana Vidhan Sabha,

Vidhan Bhavan, Sector-I, Chandigarh at 9.30 A.M. of the Clock.

Mr. Speaker (Brig. Ran Singh) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

Augmentation Scheme

***1363. Sh. Daya Krishan**: Will the Minister for Irrigation and power be pleased to state:-

(a) the total number of tube-wells working under the augmentation Schemc as on 1-1-1972;

(b) the total number of more tube-wells proposed to be installed during the period from 1-1-1972 to 1-1-1973;

(c) the extent of benefit accrued and likely to accrue under this scheme as on 1-1-1972 and on 1-1-1973 separately;

(d) the details of the area which is likely to be benefited by such scheme and by what date;

(e) the total cost of the whole scheme togetherwith the extent of its benefit to the public; and

(f) whether this scheme was working satisfactorily as on 1-1-1972?

Irrigation and Power Minister (Sh. Ram Dhari Gaur):

(a) 342

(b) 400

(c) (i) On 1-1-1972 570 cusecs as installed capacity.

(ii) On 1-1-1973 1600 cusecs as installed capacity.

(d) Entire area under western Jamuna Canal System will benefited from these tubewells by 1-1-1973.

(e) (i) Rs. 4.50 crores.

(ii) Additional supply of 1000 cusecs of water would increase the intensity of irrigation in the area served by Western Jamuna Canal System.

(f) Yes.

श्री दया कृष्ण: क्या वजीर साहब बतायेंगे कि इस स्कीम के तहत कुल कितने टयूबवैल्ज लगाये जा सकते है?

श्री रामधारी गौड़: तकरीबन पांच सौ टयूबवैल्ज लगाये जायेंगे।

श्री बनारसी दास गुप्ता: क्या सिचाई मंत्री महोदय बताने का कष्ट करेंगे कि जमुना कैनाल पर जो औगमैटेशन टयूबवैल्ज लगाये जा रहे हैं उनके लगने से, जो किसानों ने पहले लगाये हुए हैं, टयूबवैल्ज को नुक्सान तो नहीं होगा?

श्री रामधारी गौड़: ये औगमैंटेशन टयूबवैल्ज बहुत गहरे है जबकि किसान शैलौं टयूबवैल्ज लगाते हैं जो तकरीबन एक सौ फुट की गहराई तक होते हैं। लेकिन ये टयूबवैल्ज एक हजार से तेहर सौ फुट तक गहरे जाएंगे। ये बहुत डीप हैं इस वास्ते नुक्सान की कोई सम्भावना नहीं है।

श्रीमती चन्द्रावती: क्या यह सच्च है कि जहां टयूबवैल्ज डीप लगते हे। वहां के आस–पास के इलाके मं लगे हुए शैलों–टयूबवैल्ज क पानी खींच लेते हैं? अगर ऐसा है तो क्या किसानों में इसके लिए किसी किस्म की रिजेंटमैंट हैं?

श्री रामधारी गौड़: अभी बताया गया है कि इन टयूबवैल्ज के लगने से नुक्सान की कोई सम्भावना नहीं है क्योंकि ये बहुत गहरे होते हैं।

श्री सत्य नारायण सिंगाल: क्या मिनिस्टर साहब बताने का कष्ट करैंगे कि इनसे जो एक हजार क्युसिक पानी वैस्टर्न जमुना कैनाल में पड़ेगा उससे वही रकबा सैराव किया जाएगा जो इस वक्त इसके लिए फिक्सड है? जो इस वक्त इसके कमाण्डिड एरिया में है उसी को मजीद पानी देंगे या नये रकबे को भी देंगे?

श्री रामधारी गौड़: उसी को दिया जाएगा जिसको पहले दिया जा रहा है।

चौधरी प्रताप सिंह (दौलतपुर): क्या मिनिस्अर साहब वाटर रेट भी बढ़ा देंगे या यही रहेगा जो इस वक्त है?

मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल): वाअर रेट नहीं बढ़ाएंगे, वाटर–अलाउंस बढ़ाया जा सकता है।

Loans to Harijans for purchase of Tractors

***1405. Smt. Chandravati**: Will the Minister for Agriculture be pleased to state:-

(a) the total number of Harijans who purchased tractors from Ist January, 1970, to-date after obtaining a loan from the State Government and what is the make of such tractor; and

(b) the area of land possessed by each such Harijan?

Development Minister (Sh. Prabhu Singh):

(a) No.

(b) Question does not arise.

श्रीमती चन्द्रावती: ये एग्रीकल्चर मिनिस्टर कब से हो गए। मैंने सवाल में किसी और मिनिस्टर के नाम से पूछा था लेकिन जवाब दे रहें है प्रभु सिंह। क्या ये ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर हैं?

श्री प्रभु सिंह: स्पीकर साहव, मैं आनरेबल मैम्बर साहब की जानकारी के लिए बता देता हूं कि जो मुझे आनसर आया है वह डिवैल्पमेंट मिनिस्टर के नाम से आया हैं, एग्रीकल्चर मिनिस्टर के नाम से नहीं आया।

श्रीमती चन्द्रावती: इसमें लिखा है एग्रीकल्चर मिनिस्टर, मैं पढ़ के बता देती हूं।

श्री अध्यक्ष: यह डिपार्टमैंट सूबेदार प्रभु सिंह का है।

श्रीमती शकुन्तला: क्या मंत्री महोदय बताने का कष्ट करेंगे कि टयूबवैल पर्पजिज के लिए हरिजनों को ट्रैक्टर देने का जो टारगैट रखा है वह किस लिए रखा गया है? अगर उनके पास जमीन नहीं है तो भी क्या उन्हें यह दिए जांएगे?

श्री प्रभु सिंह: इस सवाल से इस सप्लीमेंटरी क्वैश्चन की कोई रैलेवैंसी नहीं है।

श्रीमती शकुन्तला: स्पीकर साहब, इन्होंने लिखा हुआ है कि हरिजनों को ट्रैक्टर देंगे। जब जमीन नहीं है तो ट्रैक्टर किस लिए दे रहे हैं?

श्री प्रभु सिंह: इस क्वैश्चन से हरिजन वैल्फेयर का ताल्लुक नहीं है। सवाल कुछ है और उनके मन में कुछ और बात है। (हंसी)

श्रीमती शकुन्तला: क्या आप हमारे मन की बात जान गए हैं ..... (हंसी)

मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल): स्पीकर साहब, आप सवाल और तरह के हो रहे हैं .....(हंसी)..... न जाने क्या गड़बड़ है। (व्यवधान) डा. मंगल सैन जी धूप में बैठे हैं .....(हंसी)

श्री मंगल सैन: मुझ पर धूप का चमकार पड़ रहा है, आपके दर्शन भी नहीं होते, उनके दर्शन भी नहीं होते .....(हंसी)

श्रीमती चन्द्रावती: जैसा कि वजीर साहब ने फरमाया कि उनको ट्रैक्टर दिए ही नहीं, इसलिए सवाल ही पैदा नहीं होता। क्या सरकार हरिजनों को बिल्कुल ही ट्रैक्टर नहीं देगी, क्या सरकार ने प्रोहिबिट कर दिया है कि उनको ट्रैक्टर दिए ही नहीं जाएंगे, जैसा कि सवाल से जाहिर होता है कि आज तक उनको कोई ट्रैक्टर मिला ही नहीं। मैं समझती हूं इससे ज्यादा अन्याय की और क्या बात हो सकती है? हरिजन जो हमारा कमजोर वर्ग

है, उनके पास जमीन है और ये अच्छे किसार माने जाते हैं, उनको ट्रैक्टर क्यों नहीं दिए गए?

श्री प्रभु सिंह: स्पीकर साहिब, मुझे तीसरी बार फिर खड़ा होना पड़ा है। मैं आनरेबल मैम्बर की जानकारी के लिए आपके जरिए हाउस को बता दूं कि क्वैश्चन में पूछा गया है कि क्या हरिजनों ने गवर्नमेंट से लोन लिया है? मैंने कहा 'नहीं'। मैंने यह नहीं कहा कि हरिजनों पर ट्रैक्टर खरीदने पर पाबन्दी लगी हुई है। हम तो हरिजनों को जीप, ट्रक, टैक्सी वगैरह खरीदने के लिए खुले दिल से सहायता देते हैं। हरिजन कल्याण निगम ने इस पर्पज के लिए पहले ही दो करोड़ रूप्या रखा है।

श्री फतेह चन्द विज: स्पीकर साहब, मिनिस्टर साहब ने सवाल के पार्ट 'ए' के जवाब में कहा है 'नो'। क्या आप बता सकते हैं कि ट्रैक्टर खरीदने के लिए हरिजनों की कितनी दरखास्तें आई हैं?

Sh. Bansi Lal: It requires separate notice because this subject relates to an other Minister, and not only a separate Minister, but an autonomous body is concerned with it.

श्रीमती शकुन्तला: स्पीकर साहब, क्वैश्चन के (ख) भाग में पूछा था – ''ऐसे प्रत्येक हरिजन के पास कितनी भूमि है''। आपने इस सवाल के जवाब में क्या कहा है?

श्री प्रभु सिंह: मैंने कहा कि ट्रैक्टर दिया ही नहीं, इसलिए जमीन की असैसमैंट कैसे निकालते कि कितनी जमीन है।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, मेरी सबमिशन है कि यहां पर सवालों को टालने की कोशिश की जाती है। सवाल तो ब्राड–बेस्ड हैं, इनको जवाब देना चाहिए। हरिजनों को कर्जा मिलता है या नहीं मिलता, इनका जवाब ठीक तरह से देना चाहिए, टालने की कोशिश न करें।

Mr. Speaker: I think the answer is that there is no tractor which a Harijan has bought after obtaining loan from the Government.

Sh. Bansi Lal: They have not taken loan. But for tractors they have a separate quota and there is some reservation for them so far as I can recollect. So this supplementary does not arise out of the question.

Dam on River Jamuna

***1364. Sh. Daya Krishan**: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state:-

(a) whether there is any scheme under consideration of the Government to construct a dam on river Jamuna;

(b) if so, the stage of this scheme together with the period within which it is likely to be completed;

(c) whether the construction of such dam has been delayed if so, the reasons therefore;

(d) the total estimated cost of the said scheme together with the benefit likely to be accrued to the State therfrom; and

(e) the details of the area which will be benefited by this scheme?

Irrigation and Power Minister (Sh. Ram Dhari Gaur):

(a) to (c)

A proposal to construct Kishau Dam on river Tons, a tributary of river Januna, has been under consideration of the Government of India for some years. Several Inter-State meetings have been held but final decisions are yet to be taken. The questions relating to apportionment of the benefits, theh location and the storage capacity of the dam are under consideration of the State Government concerned and the Government of India.

(d) A realistic estimate of the cost is not available, since the site has not yet been decided. However, according to an estimate prepared by the U.P. Government, the cost was estimated to be of the order of Rs. 180 crores.

(e) No area has been specially earmarked to receive water from this dam. The water coming

to the share of Haryana will be used where required.

श्री दया कृष्ण: क्या वजीर साहब फरमायेंगे कि यह स्कीम पहले कब बनी थी?

Chief Minister (Sh. Bansi Lal): This date is not available with us because thinking on this scheme started long before.

Mr. Speaker: Probably Sh. Daya Krishan knows it.

Sh. Bansi Lal: May be.

श्री दया कृष्ण: अब किस स्टेज पर है?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, किसाऊ डैम से, जैसा आनरेबल मैम्बर ने फरमाया कई स्टेटों का सम्बन्ध है, जैसे हिमाचल, यू.पी., दिल्ली, राजस्थान और हरियाणा। पिछले साल हम किसाऊ डैम की साईट देखने के लिए गए थे। किसाऊ डैम की पहले जो साईट सिलैक्ट की गई थी वहां इंजीनियर्ज की राय ऐसी थी कि अब वहां डैम नहीं बन सकेगा क्योंकि उसके थोड़ा डाऊन स्ट्रीम यू.पी. ने एक पावर हाउस बना दिया है। उसके पानी का कैचमैन्ट एरिया जो होगा वह पहले जहां किसाऊ डैम बनना था उसकी साईट के आसपास चला जाएगा। वह जगह अब इम्पौसिबल हो गई है। अब इसके लिए उससे अप–स्ट्रोम जाएंगे। तो उसके लिए गवर्नमैंट आफ इंडिया के पास डिसिजन पैन्डिंग है।

and they are examining it de-novo. So, we cannot say what will be the new proposal and by what time the Government of India will be able to take a decision in the matter. We are pressing the Government of India that this scheme should be started as early as possible.

श्री फतेह चन्द विज: स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने अभी बताया कि यू.पी. वालो ने वहां एक पावर हाउस बना लिया है। तो मैं उनसे जानना चाहता हूं कि उस पावर हाउस को बनाने के लिए क्या उन्होंने ज्वांयट बोर्ड को कोई दरखास्त दी थी या बोर्ड की मंजूरी के बगैर ही बना लिया?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, डौकुमैन्टस इस समय मेरे पास नहीं हैं लेकिन पंजाब सरकार के वक्त यह केस रैफर हुआ था और उस समय की पंजाब सरकार ने यह कह दिया था कि बिजली के पावर हाउस की बात में हम हिस्सेदार रहना नहीं चाहते।

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, सिंचाई मंत्री ने कहा कि इस डैम के बारे में कई बार मीटिंग हुई है और कई बार विचार हुआ है। क्या मैं उनसे जान सकता हूं कि कब से विचार शुरू हुआ है?

Sh. Bansi Lal: I have already told that the exact date is not available. But this point has been coming up for a very long time.

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, हमें बड़ा ताज्जुब होता है क्योंकि मुख्यमंत्री जी जहां जाते हैं वहां यही कहते हैं कि किसाऊ डैम बहुत जल्दी बनने वाला है। वजीर साहब भी यही कहते हैं लेकिन यहां जब क्वैश्चर होता है तो कहते हैं कि न साईट तय हुई है और न ऐस्टिमेट तैयार हुआ है।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, मैंने किसी स्पीच में नहीं कहा कि किसाऊ डैम जल्दी बनने वाला है। अलबत्ता, एक बात पब्लिक मींटिग में जरूर कही होगी, जैसे मैंने अभी अर्ज किया है, कि हम गवर्नमैंट आफ इंडिया को बार–बार चिट्ठी लिखते हैं, उनसे मिलते हैं , मीटिंग भी करते हैं, कि जल्दी–जल्दी हम डैम की साईट को तय करो और इसको बनाना शुरू करो ताकि हमारी पानी की दिक्कत खत्म हो।

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, यह जो डैम जमुना नदी पर बनना है इसकी तजवीज ज्वांयट पंजाब से चली आ रही है। तो क्या मैं सरकार से मालूम कर सकता हूं कि यइ इसको बनाने की कोई टाईम लिमिट गवर्नमैंट आफ इंडिया से तय करेगी? स्पीकर साहब, जमुना ही एक ऐसा दरिया है जो हरियाणा में बहता है और जिससे हमारा इरीगेशन पोटैन्शल बढ़ सकता है। इस बात के पेशे–नजर क्या कोई टाईम लिमिट सरकार गवर्नमैंट आफ इंडिया से तय करेंगी?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, हमारे वश की बात हो तो आज शाम को टाईम लिमिट तय करवा लें। मैंने पहले भी कहा कि हम बार–बार गवर्नमैंट आफ इंडिया को चिट्टियां लिख रहे हैं, मीटिंग कर रहे हैं और सब स्टेटों के साथ भी मीटिंग हुई है। यहां तक कि मैं और इरीगेशन मिनिस्टर, खुद किसाऊ के मौ पर भी गए हैं लेकिन यह काम होगा तो तभी जब गवर्नमैंट आफ इंडिया फैसला करेगी। हम तो अपनी तरफ से ज्यादा से ज्यादा जल्दी कर रहे हैं।

श्री मंगल सेन: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने बताया कि आज शाम को ही वक्त तय कर देंगे। इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि आज कोई इस सम्बन्ध में किसी किस्म की मीटिंग होने वाली हैं?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, डाक्टर साहब ने पूरी बात नहीं सुनी। मैंने कहा कि अगर हमारा जोर चलता हो तो आज शाम को ही टाईम तय करवा लें।

चौ. चांद राम: क्या चीफ मिनिस्टर साहब बताएंगे कि गवर्नमैंट आफ इंडिया और यू.पी. सरकार से इनकी जो बातचीज हुई हैं उसके बारे में उनका रीऐक्शन क्या है?

श्री बंसी लाल: वे यह कहते है कि साईट सिलैक्ट करेंगे। साईट के बारे में गवर्नमैंट आफ इंडिया और यू.पी. के अफसर इंवैस्टिगेशन करेंगे। अभी उनको साईट सिलैक्ट करनी है।

पहले जो डैम बनना थी उस डैम को कैचमैंट ऐरिया यू.पी. में बनता था। अब जो डैम बनेगा उसका कैचमैंट ऐरिया हिमाचल में जाएगा। हिमाचल की गवर्नमैंट भी साथ होगी, यू.पी. की भी होगी और सैन्ट्रल गवर्नमैंट भी होगी। Then thee will be a decision. But the Central Government is also trying its level best to take the decision as early as possible.

चौ. चांद राम: क्या मुख्यमंत्री जी बताएंगे कि पिछले चार या पौने चार साल में उन्होंने कितनी चिट्ठियां गवर्नमैंट आफ इंडिया को लिखीं और कितनी बार पर्सनल लेवल पर बातें हुई।

श्री बंसी लाल: कम से कम तीन मीटिंगे इस सिलसिले में मैंने अटैन्ड की है। एक चौथी मीटिंग साईट के ऊपर भी मैंने अटैन्ड की है जिसमें सैन्टर के मिनिस्टर री के.एल. राव, यू.पी. के कंसर्न्ट मिनिस्टर मध्यप्रदेश के मिनिस्टर क्योंकि थोड़ा सा मध्यप्रदेश भी इसमें आएगा, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के रिप्रैजैन्टेटिवज भी शामिल थे। इस मीटिंग में हम सब स्टेटों ने यह जोर डाला है कि इसको प्रायरिटी दो। उस समय इर्रीगेशन एंड पावर मिनिस्टर श्री के.एल. राव थे और उन्होंने यह कहा था कि फंडज की दिक्कत आ रही है। हमने उनसे कहा था कि इस समय तो जितना रूपया लगे उसे सैन्ट्रल गवर्नमैंट खर्च करें और बाद में वह स्टेट गवर्नमैंट से इंस्टालमैंटस में लेना शुरू कर ले।

डा. मलिक चन्द गम्भीर: स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने बताया कि यू.पी. और सैन्ट्रल गवर्नमैंट के औफिसज़

इंवैस्टिगेशन कर रहे है। क्या वे बताने की कृपा करैंगे कि क्या हमारे हरियाणा के अफसर उसमें शामिल नहीं हो सकते?

श्री बंसी लाल: एक स्टेज पर यह तय हो गया था। पहले ऐसा था कि पंजाब की गवर्नमैंट इसको इंवैस्टिगेट करेगी। फिर एक मीटिंग हुई ज्वांयट पंजाब के टाईम में जिस समय चौधरी रणबीर सिंह मिनिस्टर थे। उस मीटिंग के अन्दर राजस्थान, पंजाब, यू.पी. और सैन्ट्रल गवर्नमैंट इन सबने मिलकर यह फैसला किया था कि इसकी फरदर इंवैस्टिगेशन यू.पी. गवर्नमैंट की अधिकारी करेंगे।

चौ. लाल सिंह: स्पीकर साहब, सरकार को मालूम है कि जितनी भी नदियां हैं, जैसे टांगरी, मारकंडा, जुमना, कोमला और बैंगनी, यह सारी की सारी नारायणगढ़ से गुजरती हैं। इसलिए मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या ये नारायण गढ़ में भी कोई बांध लगायेंगे? पहले वैसे सरकार ने कहा भी था कि काला आम के पास यह सरकार बांध लगाएगी।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, बात यह है कि हमें पता नहीं था कि नारायणगढ़ सब नदियों का जंक्शन है।

चौ. चांद राम: क्या यह हकीकत है कि जैसे हरियाणा सरकार ख्वाहिशमंद है, उसकी यू.पी. सरकार नहीं है?

श्री बंसी लाल: हम किसी गवर्नमैंट के खिलाफ मोटिव इंयूट नहीं करैंगे। They are equally keen as we are.

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, हरियाणा बनने के बाद भी अब पांच साल होने को आए हैं बल्कि पांच साल से ज्यादा ही हो गए हैं। पांच साल से हम अपने उस डैम को भी नहीं बना पाए हैं जिससे हमारे यहां पानी बढ़ सकात हैं। स्पीकर साहब, हमारे यहां एक ही ऐसा डैम बनना है जिससे यहां पानी बढ़ सकता है। चीफ मिनिस्टर तो तेजी से काम करने के बड़े आदी है, इन्होंने यह काम भी कर लिया होगा। मैं इस बात से इन्कार नहीं करता कि हमारी गवर्नमैंट ख्वाहिशमंद है। इस बात के पेशे–नजर कि इतने स्नैगज हों। साईट सिलैक्ट न हो और चार स्टेटों को फायदा होता हो, मैं यह जानना चाहता हूं कि आया यू.पी. गवर्नमैंट ख्वाहिशमंद है भी या नहीं? टैक्निकल आदमी, हरियाणा में, पंजाब में और इस देश में काफी है जो साईट सिलैक्ट कर सकते हैं। जब इतने डैम बन चुके हैं तो इसमें इतनी देर क्यों?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, जैसे मैंने प्रार्थना की है, इसके लिए पहले जो साईट थी वह अब चेन्ज करनी पडेगी। वहां डैम नहीं बन सकता। अप–स्ट्रीम उस जगह से कुछ मील जाना पड़ेगा। वहां रौक की इंवैस्टिगशन, पीछे किस किस्म का कैचमैंट एरिया है, ये सब बातें देखने के बाद ही गवर्नमैंट आफ इंडिया फैसला करेगी। I can say that the U.P. Government is equally eager to have this Dam as early as possible.

Mr. Speaker: I think it appear that there is difficulty about the funds. If you remember after the Indo-Pak agreement on five Western rivers even today so much water is

flowing into Pakistan and the Government of India was not able to pay rs. 200 crores. Here again it may be like that. Probably, one difficulty is that of funds. Then there are five States involved. To sort out the difficulties meetings have been held and so on.

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, आपने ठीक ही अबजर्ब किया है कि फन्डज कम है। यह तो हमारी स्टेट की बात नहीं है। फन्ड तो गवर्नमैंट आफ इंडिया ने ही देने है। पहले इस डैम का एस्टीमेट 130 करोड़ रूप्ये था और अीाी श्री रामधारी गौड़ बैठे हुए बता रहे थे कि 180 करोड़ का एस्टीमेंट हो गया है यानी यह पांच–छः साल में ही इतना बढ़ गया है। जब इस डैम को बनाने की शुरू में तजवीज हुई तो 65 करोउ़ का ही एस्टीमेंट बना था परन्तु यह दिन प्रति–दिन प्रासीज बढ़ने की वजह से बढ़ता ही जा रहा है। क्या सरकार कोई ऐसा रास्ता निकाल सकती है कि छः महीने के अन्दर ही साइट सिलैक्ट करने का काम पूरा हो जाये?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, मैं आनरेबल मैम्बर्ज कौ यकीन दिलाता हूं कि हमारी गवर्नमैंट इस मामले की जल्दी से जल्दी हल करने की कोशिश कर रही है। जहां तक इसकी लागत का सम्बन्ध है पहले 180 करोउ़ रूप्ये का बजट था और वह मोस्ट प्राबेबली उस साइट का था जो पहले सिलैक्ट की गई थी। अगर कोई नयी साइट सिलैक्ट की तो और भी बढ़ जायेगा। असलियत तो यह है कि साइट की भी दिक्कत है और फन्डज की भी दिक्कत है। गवर्नमैंट आफ इंडिया को सभी स्टेटस (Unanimously)

कह रही है कि पहले आप पैसा खर्च कर दो फिर बाद में हममारे से ले लेना।

चौ. रणबीर सिंह: कया मैं मुख्यमंत्री जी और सिचाई मंत्री से पूछ सकता हूं कि पहले जो डैम का साईट चुना गया था उसका अगला हिस्सा यू.पी. की तरफ है ओर दूसरा हिमायल प्रदेश में है और हरियाणा तो उसके कही नजदीक भी नहीं है। सन् 1963 में श्री के.एल. राम ने यह यकीन दिलाया था कि साल के अन्दर इनवैस्टीगेशन हो जायेगी और छः साल के अन्दर यह कम्पलीट हो जायेगा परन्तु अभी तक तो इन्वैस्टीगेशन भी नहीं हुई है। क्या हरियाणा सरकार हिन्द सरकार से दरखास्त करेगी कि सैन्ट्रल वाटर एंड पावर कमीशन की मार्फत या हरियाणा–पंजाब के स्टाफ की मार्फत जिसको डैमज बनाने का ज्यादा तजुरूबा है, इन्वैस्टीगेशन कराये ताकि यह काम जल्दी से पूरा हो?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, मैंने पहले भी प्रार्थना की है। पहले यह डैम बनाने की जिम्मेदारी पंजाब सरकार के अधिकारियों की थी परन्तु एक बार एक मीटिंग हुई जिसमें पंजाब को चौ. रणबीर सिंह जी रिप्रेजेन्ट कर रहे थे। उस मीटिंग में यह फैसला हुआ था कि आगे के लिए यू.पी. के अफसरान साइट की इनवैस्टीगेशन करेंगे।

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने मेरा जिक्र किया है मैं इस सिलसिले में एक ही बात बताना चाहता हूं कि जिस बात का यह जिक्र कर रहे हैं यह सन् 1941 की बात है।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, यह इनके टाईम की बात है। अभी मेरे पास डाक्मेन्टस नहीं है। मैं मंगवाने की कोशिश कर रहा हूं। अगर मिल गये तो पढ़ कर सुना दूंगा।

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब जब पाकिस्तान और हिन्दुस्तान एक था उस टाईम का जो पंजाब था उसमें चौ. छोटू राम पी.डब्ल्यू.डी. मिनिस्टर थे। उन्होंने इस बात को चलाया था और उस वक्त यू.पी. सरकार ने भी माल लिया था। उस वक्त डाक्टर खोसला हुआ करते थे। यह भी फैसला हुआ था कि पंजाब सरकार इन्वैस्टीगेशन का काम करेंगी और हिमाचल उस वक्त नहीं था। जहां तक मेरा मिनिस्टर बनने का सम्बन्ध है, मैं तो सन् 1962–63 में आया हूं। उसके बाद फिर दोबारा बात शुरू की गयी। इस विषय में इन्टरस्टेट कान्फ्रेन्स हुई जिसमें पांच स्टेटस के नुमाइन्दों ने भाग लिया। उत्तरप्रदेश से श्री गिरधारी लाल ने, पंजाब से मैं था, दिल्ली केन्द्र शामित प्रदेश, हिमाचल, राजस्थान के भी थे। यह मीटिंग श्री के.एल. राज की सदारत में हुई। मैंने वहां पर कहा था कि हमने भाखड़ा डैम भी बनाया है इसलिए हमें बनाने की इजाजत दी जाये। लेकिन हमें इजाजत नहीं मिली। उत्तर प्रदेश की सरकार ने और श्री के.एल. राव ने यकीन दिलाया था कि एक साल के अन्दर–अन्दर इन्वैस्टीशन कम्पलीट हो जायेगी

परन्तु वह कम्पलीट नहीं हुई। चीफ मिनिस्टर साहब तो कागज देख कर बता रहे हैं, मैं तो जबानी बता सकता हूं। जब इतना अर्सा हो गया है और इन्वैस्टिीगेशन कम्पलीट नहीं हो रही है तो क्या हमारी सरकार उसकी इन्वैस्टीगेशन कम्पलीट कराने के लिए हिन्द सरकार को कहेगी कि वह सैन्ट्रल वाटर एंड पावर कमीशन के जरिये कराये ताकि देरी न हो?

श्री बंसी लाल: बाई चान्स यह कागज मेरे हाथ लग गया है। मैं इसे पढ़ कर सुना देता हूं जो पहले फैसला हुआ था।

"Investigations had been undertaken by the Punjab Engineers on multiputpose storage schemes on Tributaries of river Yamuna as for back aas 1912. In an Inter-State Conference held in June, 1943 between the Chief Engineers of Punjab and U.P. it was decided that the design and investigation on these schemes should be held by the Punjab Government. The position got changed in an Inter-State meeting hedl on 7-1-1963 under he Chiarmanships of Dr. K.L. Rao which was attended by Irrigation & Power Ministers of U.P. Rajasthan and Punjab. Punjab was represented by Ch. Ranbir Singh.

The Minutes of the meetings are enclosed....."

तो स्पीकर साहब उस मीटिंग में क्या हुआ कि यू.पी. के अफसरों के जिम्मे इन्वैस्टीगेशन का काम लगा दिया गया। उस मीटिंग के मिनट्स में पढ़ कर सुनाता हूं। पहले इसमें यू.पी. और

पंजाब का हिस्सा था परन्तु इन्होंने राजस्थान और दिल्ली को शामिल कर लिया। जो पहले पंजाब का हिस्सा था वह सारा हरियाणा को ट्रांसफर होना था परन्तु उस मीटिंग में क्या हुआ यह सुनने वाली बात है।

"Dr. Parmar of Himachal Pradesh prayed for a new constructive approach and appealed it should be agreed to in principle and details of share and proporationate costs could be wored out later. Sh. Girdhari Lal, Minister of U.P. then agred to the proposal suggested by Dr. K.L. Rao but suggested that U.P.'s share of benefit from Kissau Dam should not be les than 50 per cent of the total. Ch. Ranbir Singh, Irrigation & Power Minister, Punjab stated that he agreed that the proposal to construct Kissau Dam was the best. He desired it to be expedited. He agreed that the benefit should go to all the adjointing States including Rajasthan and Delhi."

This document, which I am reading, was signed by Ch. Ranbir Singh.

चौ. रणबीर सिंह: हां, मैंने दस्तखत किये। पानी के वास्ते नहीं, बिजली के लिए किए थे।

श्री बंसी लाल: मैं भी पानी की बात कर रहा हूं, पंजाब की बिजली का इसमैं कोई सवाल नहीं है। अगर मैं भूलता नहीं हूं तो बिजली के बारे में यही फैसला हुआ था। इस मीटिंग के बाद यू.पी. गवर्नमैंट ने पंजाब को एक चिट्ठी लिखी कि हम एक पावर

प्रोजैक्ट बनाने जा रहे हैं, क्या पंजाब इसमें कुछ हिस्सा चाहेगा? उसके जवाब में चौ. रणबीर सिंह जी ने लिख दिया ''नहीं''।

चौ. रणबीर सिंह: यह बिल्कुल गलत है और मैं इसे चैलेन्ज करता हूं।

श्री बंसी लाल: इनके वह चिट्ठी लिखने से हमें उस प्रोजैक्ट से जो बिजली मिलनी थी, वह भी चली गयी। वह बिजलीघर उन्होंने बना दिया और साथ ही किसाऊ डैम का साइट भी चेंज कर दिया।

चौ. दल सिंह: स्पीकर साहब, चीफ मिनिस्टर साहब ने कुछ समय पहले यह बताया है कि 1963 में कोई मीटिंग इस सिलसिले में हुई थी। इसका मतलब यह है कि तब से आज तक 8 साल से भी ज्यादा हो चुके हैं। चीफ मिनिस्टर साहब ने यह भी फरमाया कि उस पर चौ. रणबीर सिंह के दस्तखत हैं। क्या उनके दिमाग में यह चीज है कि जिस चीज पर चौ. रणबीर सिंह ने दरस्तखत कर दिये थे क्या उसमें यह चीज भी है कि उसको धीमा कर दिया जाए?

Sh. Bansi Lal: Even in these minutes Ch. Ranbir Singh emphasised on expenditing the project. We still are very keen to expedite the project. Everybody in Haryana is interested, in expediting the project because this is very important for us.

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, वह मीटिंग मेरी दरख्वास्त पर रखी गयी थी। 20 साल तक इनको रणबीर सिंह का कोई पता नहीं था लेकिन अब कहते हैं कि पंजाब के जमाने का मेरे पास आथैन्टिक डाकुमैंट है। खुद ही कहते हैं कि अचानक ही यह आथैन्टिक डाकुमैंट इनके हाथ लग गई है। .....

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, एक बार फिर पढ़ कर सुना देता हूं।

श्री एस.पी. जयसवाल: क्या मिनिस्टर साहब यह बतायेंगे कि, जैसा उन्होंने कहा कि इस पानी का कुछ शेयर यू.पी. को जाना था और कुछ हिमाचल को, इन्टर नैशनल रिवर वाटर्ज को बाँटने का क्या प्रिंसिपल है?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, मिनट्स वाली बात यहाँ इसलिये आयी क्योंकि मैंने मीटिंग बुलाने के लिये जब कहा कि किसाऊ डैम को अन–नसैसरी डिले किया जा रहा है, तौ सैंट्रल गवर्नमैंट ने यह कहा कि यह डेट राजस्थान को सूट नहीं करती और यह हिमाचल को सूट नहीं करती। इस पर मैंने श्री के.एल. राव को एक चिट्ठी लिखी कि इसके ची में राजस्थान कैसे आ गया जबकि 2/3 हिस्सा पानी हरियाणा का है और 1/3 हिस्सा यू.पी. का हैं इसके जवाब में उन्होंने ये मिनट्स उठाकर मुझे भेज दिये कि उसके इरीगेशन एंड पावर मिनिस्टरी चौ. रणबीर सिंह ने इस फैसले को माना है और उनके इस पर दस्तखत हैं। उन्होंने

इस फैसले की कापी करवा के मुझे भिजवा दी कि चौधरी साहब ''हां'' करके गये थे। मैं इस बात को उन पर इल्जाम लगाने की नीयत से नहीं कर रहा हूं। हम तो उसे अब भी एक्सपीडाईट कराना चाहते हैं कि जितनी जल्दी हो सके यह डैम बनाया जाय। जितना ध्यान हरियाणा सरकार इसके लिये दे रही है शायद ही कोई और स्टेट दे रही हो।

श्री एस.पी जयसवाल: स्पीकर साहब मेरे सवाल का जवाब नहीं आया। मेरा प्वांयट यह था कि कौन सी कन्वैन्शन, रूल या ला है जिसके तहत इन्टर नैशनल रिवर्ज का पानी 1/3 या 2/3 या किसी और परपोरशन से किसी स्टेट को दिया जाता है।

श्री बंसी लाल: कन्वैन्शन यही रही हे कि सैंट्रल गवर्नमैंट ही इसका फैसला करती है, जैसे उन्होंने वैस्टर्न जमुना कैनाल, जो तालेवाला से होकर गुजरती है, का यह फैसला कि कि वन–थर्ड, यू.पी. का है और टू–थर्ड हरियाणा का है। ऐसा करने का क्राइटेरिया क्या है, इस बारे में मैं कुछ नहीं कह सकता। यह तो सैंट्रल गवर्नमैंट ही बता सकती है। जहाँ तक पानी का ताल्लुक है, किसी दरिया पर बाँध बना हो या न हो, सारा पानी देश का नैशनल वाटर है। सैंट्रल गवर्नमैंट जिसको जितना चाहे दे सकती है।

चौ. रणबीर सिंह: फिर रणबीर सिंह बीच में कैसे आ गया? स्पीकर साहब मुख्यमंत्री जी ने 1943 का भी जिक्र किया है

और 1963 का भी जिक्र किया है। मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि 1943 का जो फैसला था, क्या उसके अन्दर बिजली के बँटवारे की बात भी थी?

श्री बंसी लाल: बिजली की बात नहीं थी।

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, उसमें सिर्फ पानी ही पानी का फैसला था। बिजली कैसे बंटेगी, इसका फैसला सन् 1943 में नहीं दिया गया था। जहाँ तक पानी का ताल्लुक है और जिसके बारे में जयसवाल जी ने पूछा भी था, सैंट्रल गवर्नमैंट की इरीगेशन एंड पावर मिनिस्ट्री की आम तौर पर यह प्रथा रही है कि जिसको जितना पानी जाये और जिसका जितना हिस्सा स्टोरेज वाटर में बनता है, उसको उसके मुताबिक ही बिजली दी जा सकती है। इसी प्रथा पर भाखड़ा प्रोजैक्ट बेस करता है, तथा दूसरे कई प्रोजैक्टस बेस करते हैं। पहले के हिसाब से ही पानी में, दरियाओं में बांध लगा कर नहीं, ऐस ही, दो हिस्सा पंजाब का यानी आज के हरियाणा का है और एक हिस्सा, उत्तर प्रदेश का हिस्सा है। आगे को जब उस पानी पर डैम बनायेगे तो कितना हिस्सा होगा, उसके लिये पंजाब का यह केस था कि चूंकि 2 हिस्सा पानी हमारे यहाँ बहता है, इसलिये हम डैम में दो हिस्सा खर्च देने के लिये तैयार हैं। दिल्ली में अब भी जमुना का पानी लेते हैं। यही नहीं इनकी जानकारी के लिये मैं अर्ज कर दूं कि राजस्थान को भी आज जमुना से पानी जा रहा है और जो गुड़गाँवां कैनाल प्रोजैक्ट है, उसके अन्दर भी राजस्थान हिस्सेदार

है। मेरे मंत्री बनने से पहले गुड़गाँवा कैनाल प्रोजैक्ट के अन्दर जमुना का पानी जाना था, यह अच्छा नहीं है कि मैं इस बात को गलत ढंग से कहूं। मैं तो यह कहता हूं कि मुख्यमंत्री जी को चाहिए, उनको हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने और उसकी अगुवाई करने का सौभाग्य मिला है और उन्होंने बड़े–बड़े काम किये हैं कि इसे जल्दी से जल्दी बनवायें। मैं उनसे प्रार्थना करता हूं और उसे फिर दोहराता हूं कि आप सैंट्रल गवर्नमैंट से कहें कि इस डैम की इन्वैस्टीगेशन या तो वह खुद करें या फिर हरियाणा या पंजाब गवर्नमैंट से करवायें क्योंकि यहाँ के इन्जीनियर्ज को डैम बनाने का तजुरूबा है।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, हमने सैंट्रल गवर्नमैंट से आफर की थी कि हम अपने अधिकारियौं से इस डैम की इन्वैस्टीगेशन करवा देते हैं। मगर उन्होंने कहा कि चूंकि पहले फैसला हो चुका है कि यू.पी. के इन्जीनियर्ज ही इन्वैस्टीगेट करेंगे इसलिये अब यू.पी. के इंजीनियर्ज ही इस काम को करेंगे। मैं अब हाउस को एक ही आश्वासन देना चाहता हूं कि जितनी जल्दी हो सके, हम इस डैम को बनवाने के हम में हैं। हमारी प्रार्थना पर ही इसे नये सिरे से रिवाईव किया गया है। हम इसके साथ ही सैंट्रल गवर्नमैंट से यह रिक्वैस्ट भी कर रहे हैं कि इसको जल्दी से बनाना शुरू कर दिया जाये। (शोर व व्यवधान)

चौ. चांद राम: स्पीकर साहब, मैं अभी चौ. रणबीर सिंह जी से बात कर रहा था। उनका यह कहना है कि अगर मैं चीफ

मिनिस्टर बन गया, फिर देखना यह डैम किस तेजी से बनता है। मैं हाउस से यह प्रार्थना करता हूं कि किसी तरह से इनको चीफ मिनिस्टर बना दे। .....

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, मैंने उनसे एक बात कही थी। चीफ मिनिस्टर बनने का सौभाग्य अभी तक बंसी लाल, राव वीरेन्द्र सिंह और चौ. चरण सिंह को ही प्रान्त हुआ है। अगर इस इलाके का चीफ मिनिस्टर बनने का मुझे सौभाग्य मिला तो फिर देखना, कितनी जल्दी यह डैम बनता है।

Sh. S.P. Jaiswal: Will the Hon. Chief Minister deny that the waters are apportioned to the various States in accordance with the international river water usage law or convention and that the State through which of the area through which the river or the water passes have priority for use of that river water over the areas where the water flows subsequently?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, जहाँ तक मैं समझता हूं, इसका कोई विशेष क्राइटेरिया नहीं हैं। यदि होता होगा तो मुझे पता नहीं है। लेकिन वन आफ दी क्राइटेरिया यह हो सकता है कि जिस इलाके में से जितना दरिया बहता हो उसको उतना कम या ज्यादा पानी मिले। जैसे मैंने आपसे अर्ज की है waters are national waters and national property इसलिये गवर्नमैंट आफ इंडिया को यह अख्तियार है कि वह किसी को कितना ही पानी

डिस्ट्रिब्यूट कर दे। किसाऊ डैम के बारे में इस बात का फैसला नहीं हो रहा है कि किस स्टेट को कितना पानी मिलेगा! .....

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, जो 'इन्डस वाटर ट्रीटी' हुई है उसके अन्दर तीन दरियाओं का पानी सम्बन्धित है यानी रावी, ब्यास और सतलुज का। न ब्यास, न सतलुज और न ही रावी, राजस्थान के कहीं नजदीक से गुजरती है लेकिन 15 मिलियन एकड़ फीट पानी में से 8 मिलियन एकड़ फुट अकेले राजस्थान को दिया गया और सात मिलियन एकड़ फुट पानी जो पहले से इस्तेमाल करते थे, उनको दिया गया। इंटर स्टेट गवर्नमैंट्स की सलाह पर यह फैसले होते हैं। मेरी प्रार्थना है कि हम एक दूसरे को दोष न दें। हम मिलकर इस बात की कोशिश करें कि हमको ज्यादा से ज्यादा हिस्सा मिले और जल्दी से जल्दी डैम बने। एक दूसरे को दोष देना न तो स्टेट के लिए अच्छी नीति है और न हमारे लिए।

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, मैं आनरेबल मैम्बर पर व्यक्तिगत इल्जाम नहीं लगा रहा हूं। मैंने तो हकीकत बताई है और जैसा आनरेबल मैम्बर चाहते हैं, वैसा ही हम भी चाहते हैं कि स्टेट को ज्यादा से ज्यादा पानी मिले। हम सैन्ट्रल गवर्नमैंट से रिक्वैस्ट कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी इस डैम को बनाया जाए और हम आगे भी अपनी एफर्ट जारी रखेंगे।

चौ. अब्दुल रज्जाक खां: स्पीकर साहब, मैं आपको मारफत यह जानना चाहता हूं कि हमारे यहां राओली बांध और कामेड़ा बांध और लन्होडा नाले के पानी को राजस्थान सरकार अपनी सरहद पर बांध रोक रही है, क्या इसके बारे में सरकार से सलाह मशविरा किया गया है और इसी तरह से यू.पी. गवर्नमैंट अपने यहां बांध बनाकर बरसात के पानी को अपने यहां अपने से रोकने जा रही जिससे कि बरसात में हमारे यहां पानी इकट्ठा हो जाएगा। क्या यह हरियाणा सरकार के सलाह मशविरे से किया गया है और अगर नहीं तो सरकार इसके बारे में क्या कार्यवाही करने जा रही है?

श्री अध्यक्ष: यह तो सवाल ही दूसरा है।

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, 1963 में आज से लगभग आठ साल पहले इन्टर स्टेट कांफ्रेस इस पानी के बारे में हुई थी। मैं मुख्यमंत्री या सिचाई मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि उसके बाद कितनी कांफ्रेस इस सिलसिले में हुई जिनमें कि किसाऊ डैम का जिक्र आया हो?

श्री अध्यक्ष: यह बता चुके हैं, चार हुई हैं। इन्होंने बताया है कि एक साईट पर हुई है और तीन और हुई हैं।

Sh. Bansi Lal: Also we have been trying very constantly and even without meetings I have been seeing the Central Irrigation and Power Minister for a number of times in this connection.

चौ. रणबीर सिंह: तीन–चार कांफ्रेंसों में क्या फैसला हुआ क्या मुख्यमंत्री महोदय सदन को इस बारे में सूचना देंगे और उसकी कापी सदन में रखेंगे?

श्री बंसी लाल: कोई कापनी की बात तो इसमें है नहीं, पोजीशन यह है कि जैसे ही इन्वेस्टीगेशन हो जाए जल्दी ही उसका काम शुरू किया जाए और इन्वेस्टीगेशन जल्दी से जल्दी कम्पलीट की जाए। अभी तक यही प्रोग्रैस है।

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, जो भी कांफ्रेस होती है उसकी बाकायदा प्रोसीडिंग्ज होती हैं, मैं यह जानना चाहता हूं कि उन प्रोसीडिंग्ज में क्या है?

श्री बंसी लाल: स्पीकर साहब, हमारी स्टेट का चौ. रणबीर सिंह के टाईम जैसा हाच–पाच मामला नहीं है हमारी स्टेट तो बैस्ट एडमिनिस्टर्ड स्टेट है। मेरे पास उन कांफ्रेंसों की मिनट्स नहीं है अगर होती तो मैं उन्हें जरूर रख देता। But the real gist of it has already been stated on the floor of the House.

चौ. रणबीर सिंह: स्पीकर साहब, मैं तो इस तरह की बात नहीं करना चाहता। मैं यह मानता हूं कि हमारे प्रदेश की जितनी तरक्की बंसी लाल के वक्त में हुई है, इस एक इतिहास की बात है कि उतनी तरक्की देश में और हमारे प्रदेश में नहीं हुई। यह इन्कार करने वाली बात नहीं है (व्यवधान) (अपोजीशन की तरफ से आवाज: हर क्षेत्र में कहिए इनक्लुडिंग कुरप्शन)। जमुना

के पानी के बंटवारे का जहां तक सम्बन्ध है, इस सिलसिले में उसी कांफ्रेस में या दूसरी में एक जिक्र चला था कि जो नहर गुड़गांव जिले को पानी देती है और वह हमारे इलाके की नहर है और उसके ऊपर कंट्रोल करता हे उत्तर प्रदेश। मैं उस वक्त पंजाब सरकार में मंत्री था, मैंने कहा था कि यह नहर हमें दी जाए। इस पर बाकायदा–पत्र–व्यवहार हुआ था। मैं यह जानना चाहता हूं कि आगरा कैनाल जो हमारे इलाके में बहती है और गुड़गांव जिले को पानी सप्लाई करती है क्या उसका कन्ट्रोल हमें मिल गया है?

श्री अध्यक्ष: यह सवाल तो किसाऊ डैम के बारे में है।

श्री बंसी लाल: यह एक इम्पार्टेंट प्वायंट है। मैं इसका जवाब दे देता हूं। स्पीकर साहब, इस सम्बन्ध में हमारी यू.पी. गवर्नमैंट से काफी अर्से से बातचीत चल रही है। फाईनल स्टेज यह है कि यू.पी. गवर्नमैंट ने इस बात को मान लिया है कि आगरा कैनाल हरियाणा गवर्नमैंट को दे दी जाए। अब हमारा और उनका जो झगड़ा है वह कीमत के बारे में है। वह तो कहते हैं कि प्रेजेन्ट मार्किट वैल्यू दी जाए और हम कहते हैं कि बुक वेल्यू ली जाए। हमारी उनकी बातचीत चल रही है। अगली दफा जब दोनों मुख्यमंन्त्रियों की मीटिंग होगी तो उसमें यह फाइनल हो जाएगा।

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, चौ. रणबीर सिंह की सप्लीमेंटरी के जवान में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैसा घपला चौ.

रणबीर सिंह के वक्त में होता था ऐसा घपला अब नहीं होता। क्या मुख्यमंत्री जी उस घपले के बारे में जांच कराने के लिए तैयार हैं?

श्री बंसी लाल: ऐसा कोई घपला नहीं है जिसकी जांच करवाएं।

श्रीमती चन्द्रावती: मेरा सबमिशन है कि मुख्यमंत्री जी ने जो कहा कि चौ. रणबीर सिंह के वक्त में जो घपला था वह हमारे टाईम में नहीं है। यह बात काफी वजन रखती है। जब चौ. रणबीर सिंह, इरीगेशन मिनिस्टर थे उस वक्त सरदार प्रताप सिंह चीफ मिनिस्टर थे। मैं यह समझती हूं कि यह बात कहना मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। उस वक्त भी कांग्रेस की सरकार थी। मेरा विचार है कि he does not mean what he said.

चौ. रणबीर सिंह: मैं पर्सनल एक्सप्लेनेशन देना चाहता हूं।

श्री अध्यक्ष: पर्सनल एक्सप्लेनेशन बाद मैं होगा।

श्री मंगल सैन: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने हाच–पांच शब्द कहे थे। मैं इस मामले में आपको गाइडेंस चाहता हूं कि चौ. रणबीर सिंह के सवाल का जो जवाब दिया गया उसका क्या मतलब समझा जाए?

Mr. Speaker: I don't think, he meant any reflection .....

Sh. Mangal Sein: He never said so.

Mr. Speaker: Let me make an observation. I am observing on Smt. Chandravati's submission. I don't think, he meant any reflection on the erstwhile Punjab Government. He probably mentioned about one department or something like that.

श्री बंसी लालः हकीकत यह थी कि चौ. रणबीर सिंह ने कहा था कि सैन्ट्रल गवर्नमैंट का काम जैसा है हमारे हरियाणा का नहीं है ant that was an aspersion on the Government. I simply replied उनके वक्त में होगा हमारे वक्त में नहीं।

श्री अध्यक्षः वर्ड था 'होगा'।

श्रीमती चन्द्रावतीः स्पीकर साहब, मरेा एक सबमिशन है कि चौ. रणबीर सिंह और मुख्यमंत्री की कन्ट्रोवर्सी में इतना समय हाउस का लग गया और भी दूसरे जरूरी सवाल हैं कहीं इनके डिस्कशन में वे रह न जाएं।

Mr. Speaker: Last supplementary.

श्री मंगल सैनः स्पीकर साहब, जो कुछ मैंने पूछा था वह तो हमारी स्टेट के बेनिफिट की बात थी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि चौ. रणबीर सिंह के समय हाच–पाच से काम होता था और रणबीर सिंह जी को वह बात नागवार गुजरी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारे समय में ऐसा नहीं होता है, इसका क्या मतलब है?

श्री सत्य नारायण सिंगोल: स्पीकर साहब, मुख्यमंत्री जी ने अपने जवाब में यह बताया कि इस डैम की साइट की सलैक्शन के लिये यू.पी. गवर्नमैंट के इंजीनियर्ज की डयूटी है। यह डयूटी उस वक्त लगी थी जब इकट्ठा पंजाब था। यह हकीकत हे कि उस वक्त पंजाब गवर्नमैंट हरियाणा की तरफ इतना ध्यान नहीं देती थी इसलिये उन्होंने यू.पी. के इंजीनियर्ज के जिम्मे यह काम लगा दिया। आज जब कि हमारा एक अलग प्रदेश है तो क्या यह सरकार दोबारा कोशिश करेगी कि अपने इंजीनियर्ज की डयूटी लगाये?

श्री बंसी लाल: हमने कोशिश की मगर वह इस बात को माने नहीं।

Construction of Dams or Rivers Ghaggar-Tangri and Markanda

***1365. Sh. Daya Krishan**: Will the Minister for Irrigation and Power be pleased to state:-

(a) whether there is any scheme under consideration of the Government to construct any Dams on rivers Ghaggar, Tangri and Markanda;

(b) if so, by what date these schemes are likely to be completed and at what stage these schemes are at present;

(c) the total estimated cost of construction of these dams together with the benefit likely to be accrued therefrom;

(d) the loss which these rivers cause to the State during the rainy season; and

(e) whether by the construction of thse dams, this loss is likely to be eliminated and gain is likely to accrue to the State?

Irrigation and Power Minister (Sh. Ram Dhari Gaur):

(a) Yes

(b) Owing to heavy construction cost, the dam on river Ghaggar is in low priority while schemes for dams on Tangari and Markanda are under investigation stage.

(c) Estimated cost and benefits would be available after finalisation of the schemes. Ghaggar Dam was estimated to cost Rs. 32.00 crores in 1967.

(d) In the Ghaggar Dam Project report, loss from river Ghaggar and its tributaries including Markanda and Tangari was estimated Rs. 3 crores per year for Haryana areas.

(e) The construction of these dams will reduce the damage by floods, though, it will not be completely eliminated.

श्री दया कृष्ण: जैसे वजीर साहब ने अपने जवाब के पार्ट 'सी' में बताया कि 1967 में घग्घर पर डैम बनाने की कास्ट 32 करोड़ रूपये थी और यह भी बताया कि आये साल इस घग्घर से तीन करोड़ रूपये का नुक्सान हो जाता है इस नुक्सान से बचने के लिये डैम का बनाना लाभदायक होगा। क्या वजीर साहब, बताने की कृपा करेंगे कि यह इतना अच्छा डैम कब तक बन जायेगा?

श्री रामधारी गौड़: 1972–73 मैं हम इसको शुरू करेंगे। यह जो तीन करोड़ रूपये का आय साल नुक्सान बताया गया है यह एग्जैक्ट नहीं है वह तभी होता है जब फलड्ज आते हैं। जिस साल फलड नहीं आते उस साल कोई नुकसान नहीं होता। कुछ छोटी–छोटी स्कीमें हैं जिन पर कास्ट कम आती है और फायदा ज्यादा होता है जैसे बीबीपुर लेक की स्कीम है इसी तरह से और दो तीन बैरेजिज की स्कीमें हैं इनसे हमें बहुत फायदा होगा। जो घग्घर डैम है यह इंटर स्टेट है इसमें चंडीगढ़ का भी हिस्सा है, पंजाब और हरियाणा का भी हिस्सा है। इसमें कुछ समय लगेगा क्योंकि इसकी कास्ट ज्यादा है। इसलिये जो छोटी स्कीमें हैं उनको हम पहले कम्पलीट करना चाहते हैं।

चौ. दल सिंह: जैसे वजीर साहब ने फरमाया है कि जो छोटी–छोटी स्कीमें हैं उन पर थोड़ा खर्च आता है और ज्यादा फायदा होता है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या वजह है कि ये स्कीमें अभी तक कम्पलीट नहीं हुई हैं? इसके अलावा जो छोटे–छोटे नाले और नदियाँ हैं उनसे भारी नुक्सान होता है। क्या

वजह है कि हरियाणा सरकार ने उस नुक्सान से बचने के लिये कोई कार्यवाही नहीं की?

मुख्यमंत्री (श्री बंसी लाल): मैं चौ. दल सिंह से सहमत हूं कि छोटे–छोटे नाले और नदियों से प्रान्त का काफी नुक्सान होता है। इसके ऊपर अभी तक इसलिये काम शुरू नहीं हो सकता क्योंकि हम उनको इनवैस्टीगेट कर रहे हैं कि हर साल कि स टोरैन्ट में कितना पानी आता हे, किस जगह बांध बनना चाहिये आदि–आदि। जैसे ही इनवैस्टीगेशन हो जायेगी, सरकार काम शुरू करवा देगी।

चौ. रणबीर सिंह: क्या मंत्री महोदय बताने की कृपा करेंगे कि 1963 में जब घग्घर डैम की इनवैस्टीगेशन रिपोर्ट पेश हुई थी उस वक्त कितने खर्च का अन्दाजा था।

श्री रामधारी गौड़: यह इनफार्मेशन इस वक्त मेरे पास नहीं है।

चौ. रणबीर सिंह: ब्यास प्राजैक्ट के जनरल मैनेजर मिस्टर गिल की मारफत 1963 में इसकी इनवैस्टीगेशन हुई थी। मिस्टर गिल ने इसकी कास्ट मेरे ख्याल से कम से कम दो करोड़ और ज्यादा आठ करोड़ बताई थी (हंसी)

एक आवाज: दो करोड़ और 8 करोड़ का थोड़ा ही फर्क है?

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 28-Education.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 31-Agriculture.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 75,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 35-Industires.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,45,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 37-Community Development Projects, National Extension Service and Local Development Works.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 39-Miscellaneous, Social and Development Organisations.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 1,49,29,650 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 9-Land Revenue.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 57-Roads and water Transport Schemes.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 38,50,500 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 9-La

That a supplementary sum not exceeding Rs. 150 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 67-Privey Purses and Allowances of Indian Rulers.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 20,71,130 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 68-Stationary and Printing.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 3,15.000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 70-Forests.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 48,10,350 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 71-Miscellaneous.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 12,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 95-Capital Outlay on Schemes of Agriculture Improvement and Research.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 54,62,450 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 96-Capital Outlay on Industrial and Economic Development.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 63,13,950 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 99-Capital Outlay on Irrigation, Navigation,Embankment and Drainage Works (Commercial).

That a supplementary sum not exceeding Rs. 4,01,05,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 103-Capital Outlay on Public Works.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 6,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 109-Capital Outlay on other Works.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 32,12,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of 114-Capital Outlay on Road and Water Transport Schemes.

That a supplementary sum not exceeding Rs. 10 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year ending 31st March, 1972, in respect of Loan to Local Funds-Private Parties.

The motion was carried.

OFFICIAL RESOLUTION

Chief Minister (Shri Bansi0 Lal) : Sir, I beg to move-

"That this House ratifies the amendments to the Constitution of India falling within the preview of the proviso to clause (2) of Article 368 thereof, proposed to be made by the Constitution (Twenty-fifth Amendment) Bill, 1971, as passed by two Houses of Parliament.."

Mr. Chairman : Motion moved-

That this House ratifies the amendments to the Constitution of India falling within the preview of the proviso to clause (2) of Article 368 thereof, proposed to be made by the Consititution (Twenty-fifth Amendments) Bill, 1971, as passed by two Houses of Parliament.

श्री मंगल सैन (रोहतक): चेयरमैन साहब, भारत के संविधान की 25वीं अमेंडमेंट आज हाऊस के सामने विचाराधीन है। लोक सभा और राज्य सभा, अर्थात संसद के दोनों सदनों ने इस संशोधन को पारित करके, राज्य विधान सभाओं के सम्मुख रैटीफिकेशन के लिए भेजा, इसीलिए आज यह अमेंडमेंट विचार के लिए प्रस्तुत है। चेयरमैन साहब, इस संशोधन द्वारा सरकार का यह उदेश्य है कि अब तक कोई भी सम्पति जो सरकार द्वारा ली जाती थी उसका मुआवजा एवार्ड की शक्ल में दिया जाता था। अगर वह आदमी, जिससे जमीन ली जाती थी, जायदाद ली जाती थी, उसका मुआवजा न दिया जाये तो उसको अदालत में जाकर अपनी विनती, अपनी प्रार्थना, अपनी फरयाद करने का अधिकार था। अब

इस संशोधन के द्वारा वर्तमान सरकार यह चाहती है कि कोई भी आदमी मुआवजा दिए जाने के बारे में अदालत में न जा सके और जो निर्णय सरकार करे, भाव के बारे में, क्षतिपूर्ति के बारे में और कम्पैसेशन के बारे में, वही फाईनल होगा। चेयरमैन साहब, यह इतिहास में एक ऐसी नई बात लाई जा रही है, ऐसा ऐतिहासिक कदम उठाया जा रहा है जो बहुत विचार करने वाला है। आज शासक दल, केन्द्र में भी और राज्यों में भी बहुमत में है। बहुमत के इस प्रवाह में सब कुछ अन्धाधुन्ध तरीके से समर्थन कर दिया जाए, शासक दल को शोभा नहीं देता। हमारी आने वाली पीढ़ी ने इस कार्याकलाप पर विचार करना है। आने वाली पीढ़ी अनुभव करेगी कि इन लोगों ने बिना विवेक अन्धाधुन्ध तरीक से काम किए। वे इस मामले पर विचार करेंगे कि जो काम किए हैं, क्या वे अन्धाधुन्ध किए हैं या विचार करके सही कदम उठाए हैं। चेयरमैन साहब, सरकार किसी की सम्पति जन–हिसार के लिए लेगी और उसकी क्षतिपूर्ति देगी लेकिन अदालत में अधिकार नहीं होना चाहिए, जैसा कि मैंने शुरू में कहा है, इस बिल का औबजैक्ट यही है। जिस दल से मेरा सम्बन्ध है, उसका और मेरा यह विचार है कि अगर पूरी सम्पति का मुआवजा दिया जाए, जैसे कि बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया है, अगर बैंकों का पूरा मुआवजा देना पड़े तो बहुत रूपया चाहिए। इसी प्रकार किसी ऐसे उद्योग को या किसी ऐसी सम्पति का सरकार ने जनहित के लिए लेना हो और उसका मुआवजा देना शुरू किया तो बड़ा मुश्किल होगा। यह तो ठीक बात है, हम इसके पक्ष में नहीं हैं कि पूरी सम्पति के लिए

मुआवजा दिया जाये और सरकार कोर्ट में जाने की आज्ञा दे। लेकिन इस देश में काफी पूंजीपति नहीं रहते। इस देश में, 25 साल से कांग्रेस शासन होने के बावजूद भी लोग झोंपड़ियों में रहते हैं, सड़कों पर सोते हैं, छोटी–छोटी दुकानें हैं और बहुत से लोगों के पास एक एकड़ से कम जमीन है। लोग बहुत साधारण चीजों के मालिक हैं, मेरा कहने का मतलब है, हरियाणा में बहुत कम लोग पूंजीपति हैं। चेयरमैन साहब, अगर इस बिल में वह व्यवस्था कर दी जाती जैसे ग्रामीण क्षेत्र में किया गया है कि 30 स्टैंर्डड एकड़ से ज्यादा किसी की होल्डिग नहीं होगी और उकसी सरप्लस जमीन बे–जमीन किसानों को बांट दी जाएगी। वैसे यह चीज कहने का यह समय नहीं है, लेकिन फिर भी मैं सदन का थोड़ा सा ध्यान इस तरफ खींचना चाहता हूं। जो जमींदारों से सरप्लस जमीन ली गई वह जमींदारों में बांटी नहीं गई और शासक दल बे–जमीन किसानों से वोट लेने के लिए हमेशा इस किस्म के झांसे देता रहा। ये ली हुई सरप्लस जमीन को तो क्या बांटेंगे, इनसे नजूल लैंड तो अभी तक बांटी नहीं गई। इस तरह ये भोलीभाली जनता को गुमराह करते हैं। इनके पास टैलीविजन हैं, अखबारों पर एकाधिकार है, जैसे चाहें जनता का मन बना दें जैसे चाहें देश में हवा चला दें, ये सब कुछ कर सकते हैं। मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि एक व्यक्ति को शहर में निश्चिल लिमिट तक सम्पति रखने का अधिकार हो। पिछले दिनों अर्बन सीलिंग के बारे में चर्चा हो रही थी। इनकी पार्टी ने अर्बन सीलिंग के बारे में कुछ तय नहीं किया। हमने एक व्यक्ति को सुझाव दिया

था कि एक व्यक्ति के पास एक हजार गज जमीन पर दो लाख रूपए की लागत से ज्यादा का मकान नहीं रहना चाहिए। अगर इसमें ज्यादा का होगा तो सरकार को ले लेना चाहिए। अर्बन सम्पति पर सीलिंग कर देनी चाहिए। चेयरमैन साहब, इस देश में ऐसे भी लोग हैं जो बिल्कुल निर्धन हैं और ऐसे भी श्रीमान् हैं जो पहले निर्धन थे लेकिन राजकाज के मामले में पड़ कर हाथ रंग लिए। चेयरमैन साहब, हम यही चाहते हैं कि कांस्टीच्युशन के अमैंडग बिल में यह प्रोवीजन कर दिया जाए कि इतनी जमीन से ज्यादा जो होल्डिंग ली जाए तो उस पर पूरा मुआवजा दिया जाएगा, अगर पूरा मुआवजा ने मिले तो उसको अदालत में जाने का अधिकार होगा। इसी प्रकार शहरी सम्पति के बारे में कर दें। चेयरमैन साहब, मैं केवल इतनी बात कहना चाहता हूं कि आज मौका है, सरकार हमारी बात मान ले और जो सुझाव मैंने दिया है इसको कबूल कर ले।

(इस समय उपाध्यक्षा पदासीन हुई)

श्री बनारसी दास गुप्ता (भिवानी): उपाध्यक्ष महोदया, अभी–अभी सदन के नेता ने संविधान की 25वीं अमैंडमैंट को रैटीफिकेशन के लिए एक प्रस्ताव सदन में रखा है। उपाध्यक्षा महोदया, आपको मालूम है पिछले दिनों लोकसभा तथा राज्यसभा, इन दोनों सदनों में भारी बहुमत से संविधान में संशोधन का बिल पास किया। डिप्टी स्पीकर साहिबा, यह 25वां संशोधन है जिसका रैटिफिकेशन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत हैं। आपको याद होगा, इससे

पूव्र 24वां संशोधन संविधान में किया गया जिसका उदेश्य, जिसका अभिप्राय यह था कि प्रधानमंत्री को, लोकसभा को, संसद को यह अख्तियार मिलें, यह अधिकार मिले कि जो कांस्टीच्युशन में फण्डामेंटल राइट्स हैं उनमें संशोधन कर सकें उस 24वें संशोधन के द्वारा दिए गए अधिकार के अनुसार संसद संशोधन कर सकती है। उसी अधिकार का प्रयोग करते हुए यह 25वां संशोधन संविधान के अन्दर किया गया है। अभी हमारे सम्मानित दोस्त डा. साहब बोल रहे थे। एक तरफ तो वे बड़ी प्रोग्रैसिव बात करते थे अपनी पार्टी की, कि हमने अर्बन प्रापर्टी पर सीलिंग लगाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है वह बहुत उचित है। वे चाहते हैं कि इसी प्रकार की कोइ सीलिंग लगाई जाए जैसे कि कृषि भूमि पर लगी है।

डिप्टी स्पीकर साहिबा, मुझे इस बात की खुशी है कि डाक्टर साहब और उनकी पार्टी अब इस तरह की बातें तो कहने लगे हैं। हम तो वर्षो से यह बात कहते हैं कि देश में समाजवाद की स्थापना की जाए, कंसैन्ट्रेशन आफ वैल्थ को रोका जाए जो बड़ी भारी प्रौपर्टीज पर कब्जा किए बैठे हैं, उनके कब्जे से कानून के द्वारा, हिंसा के द्वारा नहीं बल्कि अहिंसात्मक एवं संवैधिनिक तरीके से वह पूंजी निकाली जाए। मैं तो कहूंगा, उपाध्यक्ष महोदया, कि यह हमारी पार्टी और श्रीमती इन्दिरा गांधी की प्रोग्रैसिव नीति की एक बड़ी भारी विजय है कि जनसंघ जैसी रीऐक्शनरी पार्टीज भी इस तरह सोचने लगी हैं। उपाध्यक्ष

महोदया, मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि लोकसभा के चुनाव में ऐसी रीऐक्शनरी पार्टीज के मुंह पर जब जनता ने चपेड़ मारी तब इन्हें होश आया और प्रोग्रैसिव नीति (प्रगतिशील नीति) इनको याद आई .....

श्री मंगल सैन: दिल्ली में वहां की जनता ने दिल्ली कारपोरशन के चुनाव में आपके थप्पड़ मारा था। (व्यवधान)

श्री बनारसी दास गुप्ता: मैं आपको नहीं कह रहा हूं मैं तो पार्टी की बात कह रहा हूं। मैं व्यक्तिगत बात नहीं करता।

श्रीमंगल सैन: मैं भी पार्टी की बात कह रहा हूं।

श्री बनारसी दास गुप्ता: तो उपाध्यक्षा महोदया, मैं अर्ज कर रहा था कि लोकसभा के चुनाव में जनता ने जब चपेड लगाई तब ऐसी रीऐक्शनीर पार्टीज जो थीं उनका दिमाग ठिकाने आया, उनको होश आया, उन्होंने उन लाईन्ज पर सोचना आरमी किया और यह महसूस किया कि या तो प्रोग्रैसिव नीति अपनानी पड़ेगी और अपनानी न भी पड़े तो जबान से जरूर कहना पड़ेगा नहीं तो लोग वोट नहीं देंगे। यह बात सोचकर आज ये इस प्रकार की बातें करते हैं (व्यवधान) मैंने डाक्टर साहब शुरू–शुरू में अपने कान से आपकी पार्टी के नेताओं का वह भाषण सुना है जिसमें कहा जाता था कि अगर एक आदमी ने एक–एक पली तेल करके बड़े भारी तेल का स्टाक इकट्ठा कर लिया है तो इन कांग्रेस वालों के पेट में दर्द क्यों होता है? (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदया,

यह सर्वप्रसिद्ध बात है कि आज तमाम देश के अन्दर जो प्रतिक्रियावादी हैं, रीऐक्शनरीज हैं, मुझे इस बात की खुशी हे कि वे इस प्रकार की नीति अपनाते जा रहे हैं और अपने सोचने के ढंग में तथा प्रोग्राम में आमूल चूल परिवर्तन करते जा रहे हैं। (व्यवधान)

श्री मंगल सैन: कोई परिवर्तन नहीं है:

श्री बनारसी दास गुप्ता: उपाध्यक्षा महोदया, मैं कहने जा रहा था कि यह जो संशोधन हुआ है यह बड़ा भारी क्रांतिकारी कदम हैं इसका अभिप्राय क्या है, मैं चन्द शब्दों में सदन के सामने प्रस्तुत करता हूं। जब भी कोई जमीन, कोई प्रौपर्टी अधिग्रहण की जाती थी राष्ट्र के हित में, जनहित में तो उसका कंपनसेशन देना जरूरी था। यह बात फंडामैंटल राईटस के अन्दर थी कि बिना कंपनसेशन सिी की भूमि या किसी की सम्पति का सरकार, चाहे कितना जनहित का काम क्यौं न हो, अधिग्रहण नहीं कर सकती थी। तो डिप्टी स्पीकर साहिबा, इस अमेन्डमैंट के द्वारा ''कंपनसेशन'' शब्द को 'अमाउंट' शब्द से सबस्टिच्यूट किया है और उस अमांउट को जनता के चुने हुए प्रतिनिधी तय करेंगे या लोकसभा तय करेगी या विधानसभा तय करेगी। जो आदमी कोर्टस के अन्दर जाकर बैठते हैं न्यायधीश की कुर्सी पर उनके बारे में मैं कुछ कहना नहीं चाहता लेकिन वे कुछ और ढंग से सोचते हैं, उनका दृष्टिकोण भिन्न होता है। जब मार्किट वैल्यू, की बात आती है, उपाध्यक्ष महोदया, तो मैं यकीन दिलाना चाहता हूं कि

डालमियां, बिरला, टाटा और जितने बड़े–बड़े पूंजीपति देश में हैं, जिन्होंने करोड़ों और अरबों रूपया अर्जन कर लिया है, कारखाने, उद्योग धन्धे लगा लिए हैं और कोठियों तथा सम्पति बना ली है, वे भी सबकी सब चीजों को सहर्ष छोड़ने के लिए तैयार हैं अगर आप उन्हें मार्किट वैल्यू देने के लिए तैयार हों। उन्हें इसमें क्या अड़चन आती है? कोई पूंजीपति भी इंकार नहीं करेगा। वे तो कहते हैं कि हमें मार्किट वैल्यू दे दो और इन चीजों को सम्भाल लो। उपाध्यक्षा महोदया, जिस तरीके से इन्होंने शोषण करके, ऐक्सप्लायटेशन करके, गरीब जनता मजदूर और किसान का खून चूसकर रूपया इकट्ठा किया है अगर उसकी मार्किट वैल्यू दे दी जाए तो उससे राष्ट्रीयकरण का सदोपयोग होने वाला नहीं है और जनहित में उसका उपयोग नहीं हुआ। इसलिए यह संशोधन करना जरूरी था कि उसके अन्दर से मार्किट वैल्यू शब्द निकाला दिया जाए, कंपनसेशन शब्द निकाल दिया जाए, उसकी जगह अमांउट शब्द सबस्टिच्युट कियाजाए और उसका फैसला सुप्रीम कोर्ट में बैठने वाले जाज न करें बल्कि जनता द्वारा चुने हुए नेता करें। कितना शानदार संशोधन है जिसमें हमारी तमाम समस्यायें हल हो जाती हैं। उपाध्यक्ष महोदया, आप जानती हैं कि आज जब सरकार किसी बड़े आदमी की जमीन को हाथ लगाती है तो वह सुप्रीम कोर्ट में पहुच जाता है, बड़े–बड़े वकील, बड़े–बड़े लौयर, लाखों रूपया जिनकी फीस है, ऐनगेज कर लेता है, सब तरह की कानूनी सुविधा उपयोग करके वह सुप्रीम कोर्ट में जाकर चैलेंज करता है और जनहित मे ंकरने वाले काम में डिले हो जाती है। आप

अन्दाजा लगाईए कि इससे कितना नुक्सान होता था। आप अम्बाला जिले की रहने वाली हैं। आपको पता है कि वहां एक नदी है, एक नाला है, उसके ऊपर पुल नहीं है, उससे बड़ा भारी नुक्सान होता है और सरकार जनहित में किसी की भूमि लेना चाहती है लेकिन वह कोर्ट में चला जाता है, सालों तक वह मामला लटकता है और जनहित का कार्य रूक जाता है। इससे कितना बड़ा भारी नुक्सान होता है। अब वह कोर्ट के परव्यू से मामला निकाल लिया गया है। जनता द्वारा निर्वाचित लोग अब इसका फैसला करेंगे। तो मैं, उपाध्यक्ष महोदया, यह समझता हूं कि बिल्कुल नौन–कंट्रोवर्सियल यह सत्य है कि यह बहुत अच्छा संशोधन है। हमारी प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ने जनता को जो आश्वासन दिया था कि देश में हम समाजवाद लाएंगे, जमीन आसमान का जो अन्तर है उसको दूर करेंगे, गरीबी को दूर करेंगे, हमारा जो कांस्टिच्यूशन है उसके फंडामैंटल राईट्स की आड़ में कुछ लोग जो बड़ी भारी सम्पति, करोड़ों अरबों रूपयों का उपभोग कर रहे थे उससे हम अपने देश को बचा सकेंगे और हम एक प्रगतिशील कदम उठाकर देश में समाजवाद ला सकेंगे। इन शब्दों के साथ मैं समर्थन करता हूं कि इस बिल को रैटिफाई कर दिया जाये।

(कुछ सदस्य इस समय बोलने के लिए खड़े हुए)

उपाध्यक्षा: चौ. चांद राम को बोलने दें फिर आपको टाईम दे देंगे।

चौ. चांद राम (बबैन–अनुसूचित जाति): डिप्टी स्पीकर साहिबा, मैं आपका मशकूर हूं कि ऐसे ऐतिहासिक संशोधन, जो हमारी पार्लियामैंट ने किया, पर आपने मुझे बोलने का समय दिया। 26 जनवरी, सन् 1950 को हमने संविधान लागू किया था और उसके डारैक्टिव प्रिंसिपल्ज में बहुत सी चीजें रखीं थीं। मुख्य बात यह थी कि हम ऐसे–ऐसे कदम उठायेंगे, चाहे पालिसी राज्य सरकार की हो या केन्द्रीय सरकार की, कि पावर, चाहे वह किसी प्रकार की हो, खासतौर पर आर्थिक पावर, वह चन्द हाथों में केन्द्रित नहीं होगी और सरकार का संचालन इस ढंग से होगा कि किसी तरह की ऐक्सप्लायटैशन, शोषण नहीं होगा और न ही वह किसी अन्याय का सूचन होगा। यह थी हमारी मुख्य भावना। हमारी केन्द्रीय सरकार ने और राज्य सरकारों ने बड़े–बड़े कदम उठाए जैसे जमीन के बारे में किया। सुप्रीम कोर्ट ने गोलक नाथ केस में यहां तक कह दिया था कि पार्लियामैंट को अख्तियार ही नहीं है कोई संशोधन करने का। परन्तु पार्लियामैंट ने 24 वां संशोधन करके अपना अख्तियार वापिस ले किया उसके बाद यह संशोधन लाजमी था। पीछे जैसे लोकसभा के लिए मिड टर्म इलैक्शन हुए उसमें यह कहा गया कि समाजवाद लाएंगे लेकिन राज्य के अन्दर समाजवाद लाने में बड़े स्नैग्ज हैं, ब्लौक हं और रूकावटें हैं। समाजवाद लाने का एक मतरीका यही है कि जो बड़े–बड़े कारखानों वाले हैं, जायदाद वाले हैं उनकी जायदाद को तकसीम किया जाए जो आर्थिक शक्ति का केन्द्रीयकरण है उसका केन्द्रीयकरण किया जाए और सरकार के हाथ में ज्यादा ताकत

आए। 24वां संशोधन पास कर देने के बाद यह 25वां संशोधन आया है। पहला संशोधन खासतौर से गोलकनाथ के केस के बारे में हुआ था। बैंकों के राष्ट्रीयकरण होने के बाद जो सुप्रीमकोर्ट का डिसीजन आया उसके अनुसार भारत सरकार को बैंकों के मालिकों को पांच गुना मुआवजा देना पड़ेगा। इसी तरह से प्रिवि प्रसिज के बारे में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था कि सरकार पहले यह तय करे कि राजाओं की मार्किट वैल्यू के हिसाब से कितना पैसा मिलेगा और इसमें कोई एम्बिगुइटी नहीं रहनी चाहिए। इस सरकार ने और इस सरकार के चीफ मिनिस्टर ने बहुत कुछ कहा है कि हम स्टेट में समाजवाद लायेंगे परन्तु यह सब जबानी जमा–खर्च की ही बात करते हैं। मैं उनका ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि जिन कुछ लोगों के हाथ में आर्थिक शक्ति केन्द्रित हो गयी है उसका विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। जिन लोगों के हाथ में आर्थिक शक्ति है वे पहले कोर्ट में चले जाते थे और कोर्ट सरकार के फैसले के अगैन्सट डिसीजन दे देती थी अब इस संशोधन के बाद सरकार के फैसले को कम से कम कोर्ट रोक नहीं सकेगी। अब इस देश के नुमाइंदों पर चाहे वे पार्लियामैंट के हैं, या राज्य के हैं उनके ऊपर एक बड़ी भारी जिम्मेदारी आयद हो जाती है। इस संशोधन के बाद हमारा मुद्दा पूरा हो जाता है। अगर अब यह सरकार उस मुद्दे को पूरा नहीं करती है तो बड़े अफसोस की बात होगी। जब मैं हरियाणा की तरफ देखता हूं तो मुझे दुःख होता है कि सूरजपुर सीमेंट फैक्टरी सन् 1937 में कायम हुई थी और आज तक वह प्राइवेट लोगों के ही हाथ में चली आ

रही हैं। उस फैक्टरी की लीज 24 नवम्बर, 1971 को एक्सपायर हुई थी परन्तु हरियाणा सरकार ने 3 सितम्बर, 1971 को फिर एक एसोशिएट कम्पनी लिमिटिड को पट्टा दे दिया। इसके पीछे कई कारण हैं और लोगों को इस सदाकत से इन्कार नहीं करना चाहिए। एक तरफ तो नारा लगाते हैं कि हम मनोपली खत्म करने जा रहे हैं। भारत सरकार ने मनोपली कमीशन बैठाया। उसने रिपोर्ट दी की हिन्दुस्तान में 76 खानदानों के हाथ में हिन्दुस्तान की चालीस परसैन्ट दौलत है। इसी प्रकार से पाकिस्तान में भी 22 खानदारों के पास थी परन्तु श्री भुट्टो ने जैसा किया है वह सब को मालूम ही है। मनोपली कमीशन इसलिए बैठाया गया था कि हमारी दौलत कहां और किस के पास जा रही है जबकि हिन्दुस्तान की राष्ट्रीय आये बढ़ी है परन्तु फिर भी समाजवाद क्यों नहीं आया, गरीब लोगों की हालत में सुधार क्यों नहीं आया। मनोपली कमीशन ने 76 खानदानों और फर्मो ने नाम दिये हैं कि इनके पस औधोगिक शक्ति और दौलत है। उसके बाद यह भी फैसला हुआ कि जो इजारेदारी और मनोपली कुछ हाउसिज में है जैसे बिरला, टाटा और डालमिया, उनको लाइसेंस न दिये जायें। अभी तक सरकार ने कोई ऐसा कदम नहीं उठाया कि जिससे उनके साधन कम किये जा सकें जिससे वे ज्यादा धन न कमा सकें।

सूरजपुर फैक्टरी की 24 नवम्बर, 1967 को लीज एक्सपायर हो गयी। उसके बारे मैंने 425 नम्बर सवाल पूछा था कि इसकी लीज कब एक्सपायर हुई, और क्यों इसमें यह क्लाज भी

थी कि इसकी जायदाद, बिल्डिंग और कैपिटल को बगैर मुआवजे के ले सकते हैं? जवाब आया कि ऐसी कोई शर्त नहीं थी परन्तु शर्त यह थी–

> "..... However, the Government had a right to purchase all or any of the machinery, plant, building etc. erected upon the leased land by paying a price equivalent to the cost of the same at the time of their erection on the said lands after deducting from such costs a sum equal to 5 per cent thereof for every year which has elapsed since that time."

डिप्टी स्पीकर साहिबा इसका साफ मतलब है कि पांच फीसदी डिप्रिसियेशन काट कर, उसकी जो पहले की कीमत थी उसी पर सरकार इसको ले सकती थी लेकिन सरकार ने बीस साल के लिए 809 एकड़ जमीन और भी दे दी और 43 एकड़ पहले ही दी हुई थी। इस लीज से लेकल 12 हजार 200 रूपया साल का मुआवजा मिलेगा। यहां पर कहते हैं कि हम समाजवाद लायेंगे और इसीलिए यह संशोधन लाये हैं। यह सीमेन्ट फैक्टरी बिना किसी मुआवजे के आ सकती थी परन्तु इन्होंने फिर लीज पर दे दी। दुनिया की जितनी भी 'की' इन्डस्ट्रीज होती हैं वे सभी नैशनेलाईज होती हैं। जिस प्रकार से बड़ी–बड़ी स्टील इन्डस्ट्रीज हैं उसी प्रकार से यह सीमट का उद्योग भी 'की' इन्डस्ट्री में शामिल है। यह फैक्टरी हमारे हाथ में मुफ्त में आ रही थी। उस फैक्टरी को गवर्नमेंट खुद चलाती और पब्लिक को फायदा

पहुंचाती। हमारी सरकार ने तो उस फैक्टरी को गवर्नमेंट खुद चलाती और पब्लिक को फायदा पहुंचाती। हमारी सरकार ने तो उस फैक्टरी में अपना कोई हिस्सा तक भी नहीं डाला, सीधा ही प्राईवेट कम्पनी को दे दिया। क्या यह मनोपली नहीं है कि उनको ही और पावर्ज दे रहे हैं? संविधान में तरमीम करने से क्या फायदा, अगर उस पर अमल न किया जायें?

मैं यहां हाउस में कई बार कह चुका हूं कि हरियाणा मैं सरस्वती शूगर मिल है। उसका राष्ट्रीयकरण किया जाये परन्तु इस सरकार ने उस ओर कोई ध्यान ही नहीं दिया। हमारी राज्य सरकार ने पब्लिक सैक्टर को बढ़ावा देने के लिए अभी तक कुछ नहीं किया। यदि कुछ थोड़ा बहुत किया है तो हमारी सैन्ट्रल गवर्नमैंट ने ही किया है। मुझे तो खुशी है कि हम अपने संविधान में संशोधन करने जा रहे हैं। मैं तो हरियाणा के मुख्यमंत्री जी से कहता हूं कि जो इस रैटीफिकेशन के पीछे भावना है उस पर अमल किया जाये। आर्थिक शक्ति चन्द लोगों के हाथ में न दें। बनारसी दास जी ने इस सशोधन की तारीु की है परन्तु इसको जबानी जमा–खर्च में न रखे, इस पर कुछ अमल करें, समाजवाद लायें ताकि लोगों को भी कुछ पता लगे कि हम इस नयी क्रांति के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं।

सन् 1950 में जब हमारा संविधान लागू हुआ, उस टाईम पर यह विचार था कि लोग इसमें कोई रूकावट नहीं डालेंगे

और सोशलिज्म लाने में कोई कठिनाई नहीं होंगी परन्तु कुछ रूकावटें आने के कारण ही संविधान में संशोधन करना पड़ा।

मेरी सरकार से गुजारिश है कि जिन लोगों के पास थोड़ी जमीनें हैं, छोटे लैन्ड–लार्ड हैं उनके बच्चों को क्यों भूखे मार रहे हो। उनसे जमीन लेने से कोई फायदा नहीं। मैं उम्मीद करता हूं कि जो बड़े–बड़े आदमी है जिनके पास बहुत जमीन है जैसे रौनक सिंह हैं उनमें जमीनें लेकर तेजी से गरीब लोगों को दी जायें। ताकि वे अपनी आमदनी बढ़ा सकें। मैं इस तरमीम का स्वागत करता हूं और ताइद करता हूं। आपने मुझे समय दिया उसके लिए भी धन्यवाद करता हूं।

(इस समय चौ. रणबीर सिंह जी बोलने के लिए खड़े हुए)

उपाध्यक्षा: चौधरी साहब, शारदा जी की रिक्वैस्ट आयी है कि पांच मिनट बोलना चाहती हूं और आपने काफी लम्बी स्पीच देनी हे इसलिए पांच मिनट का टाईम उन्हें पहले दे देती हूं।

मुख्य संसदीय सचिव (श्रीमती शारदा रानी कुंवर): मैडम डिप्टी स्पीकर, आज यह संविधान के 25वें संशोधन का रेटिफिकेशन हमारे सामने आया है, इससे पहले 24वां जो सशोधपन हुआ था, कुछ दिन पहले उसका रेटिफिकेशन हम लोगौं ने किया था। असल में हमारे संविधान का यह संशोधन है, वह जो हमारा आज का उदेश्य है और जो शायद स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद से हमने उदेश्य बनाया था, और जिसके आधार पर ही हमने

अपने संविधान को बनाया था, उसी दिशा की और जो तेजी से कदम बढ़ रहे हैं, उनका ही एक कदम हम इसको कह सकते हैं। वैसे तो मैडम जो हमारा यह कांस्टीच्युशन बना था, तब भी हमारा उदेश्य यही था। जो आज चाहते हैं फिर भी इस प्रकार की कुछ कमियां इस कांस्टीच्युशन के अन्दर रह गई थीं कि जिन्होंने हमारे इस उदेश्य को पूरा नहीं करने दिया था। जो क्लाज न. 2 है उसमें जब कांस्टीच्युशन के बनने के बाद, स्वतन्त्रता के बाद हमारे कोर्टस जब उसको इन्टरप्रेट करते थे तो उसका जो सही भाव था मेरे ख्याल में कांस्टीच्युशन बनाने वालों का, उसी भावना से करते थे लेकिन जैसा कि किसी ने एक बार कहा भी है कि जजिज की और लायर्ज की अपनी मनमर्जी और अपने भाव के और अपनी भावना के ऊपर बहुत सी बातें निर्भर करती है। किसी ने जो कहा था – "Law is one generation behind society & lawyers are two generations behind society and I may add, the Judges are three generations behind society." तो पहले तो इन्होंने इसका ठीक–ठीक इन्टरप्रटेशन कर दिया, हमारे यहां जमींदारी एबोलूशन हुए, उनमें सारे फैसले ठीक रहे, लेकिन अब उसके बाद यही कहा जा सकता है कि हमारे जो जजिज थे वो शायद थ्री जनरेशन बिहाइंड दी सोसायटी चले गये और उन्होंने जो हमारे पीछे कुछ फैसले हुए थे प्रिविपर्सज के बारे में और जो बैंक नैशनेलाइजेशन वगैरह के बारे में, उन्होंने जिस तरीके से फैसले दिये उसमें उन्होंने अपने पिछड़ेपन को साबित कर दिया। इसका कारण हमारे कांस्टीच्युशन में कुछ शब्दों का हेरफेर और कुछ शब्दों की कमी

कही जा सकती है। जो आर्टिकल 31 में कम्पेन्सेशन शब्द है शायद उससे उन्होंने जो लगाया कि जितना भी अगर हम कम्पेन्सेशन देते हैं तो वह मार्किट वैल्यु के मुताबिक ही होना चाहिये और इसलिये जो कम्पेन्सेशन दिया गया वह मार्किट वैल्यु के मुताबिक देने पर जो हमारी भावना है जो मुख्य बात है, जो हमारे सविधान की आत्मा है, हमारे संविधान का आर्टिकल 39 देखा जाये तो इस तरह से जो हमारे डायरैक्टिव प्रिसिपल्ज हैं और हमारे जो इसमें यह एम्ज एंड औब्लेक्टस बताए गये हैं, उसमें भी और जो आर्टिकल 31–सी इसमें जोड़ा गया है वह भी इनको बहुत कुछ सही रूप दे देता है। हमारी जो 39 में 'बी' और 'सी' हैं इसमें स्पष्ट कहा गया है – "(b) that the ownership and control of the material resources of the community are so distributed as best to subserve the common good."

इसमें भी हमारी इकोनोमिक पालिसी को लिया गया है और इसका जो 'सी' है उसमें भी लिखा गया है "(c) that the operation of the economic system does not result concentration wealth and means of production to the common in the detriments."

तो इस तरीके से हमारे स्टेट के औब्जैक्टिव थे, स्टेट का जो उदेश्य था, जो राज का उदेश्य था कि जो हमारी सम्पति है, उसका सही और समान वितरण हो। इन उदेश्य था कि जो हमारी सम्पति है, उसका सही और समान वितरण हो। इन उदेश्यों पर पहुंचने के लिये इसके अन्दर आर्टिकल 31–सी जोड़ा गया है। जो, जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि कोई भी ला, कोई भी कानून

जो हमको यह कह देते हैं कि हम उन उदेश्यो की ओर चल रहे हैं, उनका जो कोर्ट है, कोर्ट के अन्दर उनको कवैश्चन नहीं किया जा सकता है। इस ग्राउंड के ऊपर ये हमारे प्रिंसिपल के उपर नहीं मिलते हैं। तो इसीलिये जो हमारे सामने यह संविधान के जो संशोधन हैं, ये आये हैं, और मैं यह समझती हूं कि जो हमारा कन्सैंट्रेशन आफ वैल्थ वाली बात थी इसको हम बहुत हद तक इस अमेंडमैंट के साथ रोकते हैं और अगर हम इसका जो मार्केट वैल्यु के ऊपर कम्पैंसेशन है, वही देते रहे तो जो बड़ी होल्डिंग्ज हैं, जो बड़े–बड़े जिन चीजो ंको समाज में हम इक्वली डिस्ट्रिब्यूट करना चाहते हैं अगर उन चीजों को और बराबर मार्किट वैल्यु पर कम्पेन्सेशन दिया जाये तो उसका तो कोई फायदा नहीं हुआ, उन लोगों को जिन्होंने कन्ससैंट्रेशन आफ वैल्थ कर रखी है, जिन्होंने देश की सारी पूंजी को अपने हाथ में इकट्ठा कर रखा है, अगर इनको मार्केट वैल्यु पर कम्पेंसेशन दिया गया तो उसका क्या परिणाम होगा? वैल्थ के बदले पैसा उनके पास जमा हो जायेगा और पूंजी जमा हो जाएगी और फिर नतीजा वहीं का वहीं रहेगा और सिफर रहेगा। इसलिये उन चीजों को रोकने के लिये और जो भी उनकी प्रापर्टी है वह किसी समय और उतने अमाउंट पर जितना कि पार्लियामेंट और जनता के चुने हुए जो ये नुमायंदे हैं वे फिट समझें कि इसके बदले में इनको क्या दिया जाये। वह देकर के और उनको और उनकी वैल्थ को ले लिया जाये। इसके लिये यह अमेंडमैंट है। मैं समझती हूं हमारा जो हाउस है वह इसको पूरा–पूरा समर्थन देगा।

चौ. रणबीर सिंह (किलोई): उपाध्यक्षा महोदया, मुख्यमंत्री जी ने 25 वें संविधान संशोधन के लिये जो प्रस्ताव सदन के सामने रखा है, मैं उसका समर्थन करता हूं। इस सदन में मरे सिवाय, कोई भी ऐसा सदस्य नहीं है, जिसको संविधान बनाने के वक्त मैम्बर के नाते सुनने और बहस में हिस्सा लेने का मौका मिला हो। आप जानते हैं कि 15 अगस्त, 1947 को हमारे देश में एक राजनैतिक क्रान्ति आई और हमारा देश आजाद हुआ। हमें आर्थिक और सामाजिक क्रान्ति लानी थी। इन सारी चीजों को ध्यान में रखते हुए सविधान के अन्दर बहुत सारी बातें रखी गयी थीं। लेकिन समय बदलता है। समय बदलने के साथ–साथ कुछ तोल भी बदलते हैं। वह एक ऐसा समय था जिसमें सबका सहयोग चाहिए था, राजाओं का भी सहयोग चाहिए था क्योंकि एक तिहाई हिन्दुस्तान पर राजे–महाराजे हकूमत करते थे। उस समय एक ही रियासत के बारे में गड़बड़ हुई और उसका फैसला आज तक भी नहीं हो सका है। पता नहीं, कितने सौ करोड़ रूपया हिन्दुस्तान को काश्मीर के लिये खर्च करना पड़ा है! आज भी काश्मीर का मामल पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में झगड़े की एक जड़ है।

संविधान बनाने वालों के सामने बहुत सी मुश्किलातें थीं। इसीलिये उन्होंने संशोधन के लिये एक प्रावधान रखा था ताकि पार्लियामैंट यानी लोकसभा और राज्यसभा संविधान में तबदीली कर सके। आपके देखा कि सारे देश में राजनीतिक क्रांति मुकम्मल हुई सामाजिक क्रान्ति भी मुकम्मल हुई। सामाजिक क्रान्ति

का ही सबूत है कि हमारे मानयोग चौ. चाँद राम और श्याम चन्द जी तथा दूसरे भाई यहाँ आये। जो लोग कभी पिछड़े हुए समझे जाते थे, उनमें से अगर मैम्बरों की काबलियत देखी जाये, उस हिसाब से व ही सबसे ज्यादा काबलियत वाले इस सदन के सदस्य हैं। इसके अलावा हमें आर्थिक क्रान्ति भी लानी थी। आप जानते हैं कि हमारे यहाँ दो–तीन किस्म की जायदाद है। एक जमींदारी के रूप में थी। एक कारखानों में हिस्सों की शक्ल मैं थी और एक वह थी जैसे कोई खानदान या कुछ लोग मिल–जुल कर इंडस्ट्री या बिजनैस हाउस बनाते हैं। हिन्दुस्तान के अन्दर, जमीन का मामला लगभग तय हो चुका है। हिन्दुस्तान की सारी विधान–सभाओं ने जमींदारी उन्मूलन के कायदे कानून बनाये और अब वह तकरीबन खत्म हो गयी है। इस मामले में जो मुआवजा दिया गया, उस मुआवजे के हिसाब को आप देखें। आप जिस सदन की सदस्या रही हैं और जिस पंजाब के कानून आज भी हमारे ऊपर लागू हैं, उसमें जो जमीन सरप्लस आयी थी, अगर उस पर कोई मुजारा बैठा था तो उसे जमीन का मालिक बनाने के लिये लैंड रैवेन्यू का कुछ गुणाया कुछ पैसा नियत किया गया था कि अगर वह इतना पैसा मालिक को दे दे तो वह जमीन का पूरा मालिक हो जायेगा। अगर वह पैसा न भी दे तो भी मालिक उसे हटा नहीं सकता। उपाध्यक्ष महोदया, हमने हजारों रूपये, दो–तीन पाँच और 10 हजार रूपये एकड़ की जमीन का मालिक, मुजारों को 40–50–100 या 200 रूपये एकड़ के हिसाब से बनवाया था और इस तरह से समाज के लिये एक बहुत अच्छा काम किया था।

उन भाईयों का दखल धीरे–धीरे घट रहा था जिनके पास लम्बे–लम्बे पर्सिज थे और वह घटा भी। पर्सिज मे मेरा मतलब सरमाये है। पर्सिज से मेरा मतलब प्रिवी–पर्सिज या किसी बहिन के पर्स से नहीं है। प्रजातन्त्र में चूंकि सबको राय देने का हक मिला, इसलिये सरमायेदारों का दखल धीरे–धीरे घटना लाजमी था और वह घटा। आज हम संविधान में तबदीली करने जा रहे हैं। जो प्रस्ताव हमारे सामने आया है, उसमें कोई घबराने वाली बात नहीं है। बात सिर्फ इतनी है कि इस संशोधन से हमें बाजारी भाव नहीं देना पड़ेगा और बाजारी भाव वाली बात नहीं रहेगी। पहले मैंने क्या देखा है, इस बार मैं किसी इंडस्ट्रियल हाउस कानाम नहीं बताऊँगा, नम्बर भी नहीं बताऊँगा क्योंकि वह तो आँकड़ों की बात है, लेकिन यह एक सही बात है कि हिन्दुस्तान के अन्दर जो बड़े–बड़े कारखाने बने इनका एक आर्थिक इतिहास है।

इन्कमटैक्स एक्ट के अन्दर यह लिखा हुआ है, पहल था अब उसको रोक दिया है कि किसी कारखाने को जो आमदनी होती है ओर उसके ऊपर जो टैक्स लगता है अगर उस आमदनी को कारखाने की बढ़ौतरी की शक्ल में लगाएंगे तो उस पर डिवैल्पमैंट रिबेट मिलेगी। हिन्दुस्तान आजाद होने के बाद डिवैल्पमैंअ रिबेट से बनने वाले कारखाने हजारों–करोड़ों रूपए के हैं, उनका हम बाजारू भाव से मुआवजा दें या न दें, सवाल यह है। यह ठीक है कि जब हम संविधान में तबदीली ला रहे हैं तो इसके मायने यह हैं कि अगर किसी की जमीन ली जाएगी तो

उसके बारे में मुआवजे की राशि सदन मुकर्रर करेंगे। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि लोग होई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में नहीं जाएंगे व दूसरे कारण हैं जिनके कारण वे कोर्ट में जा सकेंगे लेकिन जहाँ तक मुआवजे का सम्बन्ध है हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का उसमें दखल नहीं होगा। मुआवजे के बारे में असैम्बली, लोकसभा और राज्यसभा को पूर्ण अधिकार है कि वह नियत करें कि कितना मुआवजा दिया जाए। दूसरे शब्दों में या जुडिशियल भाषा में अगर हम कहें तो यों कह सकते हैं कि कम्पेन्सेशन पहले जस्टीफिएबल था, उसकी अदालत जांच कर सकती थी कि यह सही है या नहीं है वह अब जस्टीफिएबल नहीं है। अब कम्पेन्सेशन विधान सभा, पार्लियामैंट या राज्यसभा द्वारा तय करने वाली बात है। यह ठीक है कि यह चीज गरीबों पर भी लागू होगी, छोटे किसानों पर भी लागू होगी लेकिन उनको घबराने की बात नहीं है। जब यह सदनों को फैसला होगा तो यह कभी नहीं हो सकता है कि कोई अनुचित बात हो। हिन्दुस्तान के राजनीतिक इतिहास में यह बात साफ है कि जब भी छोटे आदमियों की कोई चीज ली गई है तो उनको न केवल मुआवजा दिया गया है बल्कि रिहैबलिटेशन ग्रान्ट भी दी गई है (घंटी) उपाध्यक्ष महोदया, मैं विषय पर ही बोल रहा हूं, उसके बाहर नहीं जा रहा हूं। मुझे थोड़ा समय और बोलने दें।

उपाध्यक्षा: ऐसा है कि पांच मिनट फाईनैंस मिनिस्टर भी बोलना चाहती हैं और फिर हाउस दो बजे तक के लिए अडजर्न भी होना है।

चौ. रणबीर सिंह: मैं कोशिश यही करूंगा कि कुछ देर पहले ही समाप्त कर दूं जिससे वित्त मंत्री महोदया बोल सकें। आप चाहें तो कुछ देर के लिए हाउस का टाईम बढ़ा दें।

एक आवाज: नहीं जी, हाउस का टाईम नहीं बढ़ना चाहिए।

चौ. रणबीर सिंह: उपाध्यक्ष महोदया, दरअसल मैं यह बताना चाहता हूं कि संविधान में तबदीली के क्या मायने हैं। आज जिसे स्टेट बैंक कहते हैं उसे पहले इम्पीरयल बैंक कहते थे। चार–पांच करोड़ के सरमाए से यह बैंक स्थापित किया गया था। जिन लोगों ने इसमें हिस्सा दिया पता नहीं उन्होंने कितना रूपया इससे कमा लिया। कम्पेन्सेशन के बारे में, जमीन के बारे में कागजों में कुछ भी नहीं लिखा होता लेकिन पिछली दफा जब हमारी सरकार ने चौदह बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया तो सरकार ने जितना लोगों का हिस्सा था उससे तीन गुणा, चार गुणा कम्पेन्सेशन रखा और वह था पन्द्रह करोड़ रूपया। लेकिन अदालत ने उसे साठ करोड़ कर दिया। असल बात यह है कि हमको परिस्थिति के अनुसार और वक्त के अनुसार बदलना चाहिए। पहले जिस कारखाने को लिया जाता था उसके पीछे यह भावना थी की

यह कारखाना अच्छी तरह से नहीं चलता लेकिन आज हमारी सरकार और कांग्रेस पार्टी की यह बिल्कुल साफ नीति है कि चाहे कोई कारखाना अच्छे ढंग से भी चलता है लेकिन अगर उसको लेना जनता के हित में जरूरी है तो उसे ले लिया जाएगा। कल की बात है कुछ दोस्तों ने कहा कि फलां कारखाना अच्छी हालत में चल रहा है मैं नाम तो नहीं लूंगा, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि इस कारखाने को अगर तबदीली होने के पहले लिया जाता तो पता नहीं कितने करोड़ों रूपया देना पड़ता, कल चौ. चांद राम ने भी इस सम्बन्ध में बात की थी, मैं समझता हूं कि यह उनके समझ का फर्क है। मैं मुख्यमंत्री को इसके लिए मुबारिकबाद देना चाहता हूं। इससे प्रदेश का काफी पैसा बचेगा।

उपाध्यक्ष महोदया, जैसा मैंने पहले कहा कि एक कारखाना जो डिवैल्पमैंट रिबेट से बना है किसी को क्या अधिकार है कि उसका मुआवजा मिले। इतने साल तक तो वे एयर कंडीशंड में रहे, कारों, हवाई जहाजों में सैर की, इतने आराम तो उन्होंने उठा लिए अब भी उनको मुआवजा दिया जाए। उपाध्यक्ष महोदया, राजस्थान के इलाके से जोकि रेती में पैदा हुए, अपने पल्ले से लुटिया लाए थे और वे कलकत्ता चले गए। एयर कंडीशन में कितने साल तक रह गए। उनको एक लुटिया की बजाए दो लुटिया दे दीो, चार लुटिया दे दो छः लुटिया दे दो लेकिन उनको बाजारू भाव से कम्पेन्सेशन देना, बिल्कुल गलत बात है। हमारी प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी जब शक्ति में आई तो उन्होंने इस

बात के लिए एक अहम इरादा किया और हिन्दुस्तान के अन्दर एक लोकमत पैदा किया जो लोकसभा के इलेक्शन के अन्दर सामने आया। मैं अपनी प्रधानमंत्री को मुबारिकबाद देता हूं कि जो जजीरें आर्थिक क्रांति लाने में रूकावट डाल रही थी उनको तोड़ दिया और जो लोकसभा के चुनावों में वायदा किया उनको पूरा किया। मैं अपने यहां के बारे में तो नहीं कहता लेकिन दूसरी जगह जहां इलक्शन होने जा रहे हैं वे लोग हमसे पूछ सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने जो वायदे किए ि वे कहा तक पूरे किए हैं। अब हम कह सकते हें कि प्रधानमंत्री ने जो वायदा किया था उनको पूरा किया है। मैं संविधान में तबदीली लाने के लिए अपने प्रधानमंत्री को एक बार फिर मुबारिकबाद देता हूं।

Deputy Speaker: Question is-

That this House ratifies the amendments to the Constitution of India falling within the purview of the proviso to clause (2) of Article 368 thereof, proposal to be made by the Constitution (Twenty-fifth Amendment) Bill, 1971, as passed by two Houses of Parliament.

The motion was carried.

Deputy Speaker: The House stands adjourned till 2.00 P.M. today.

1.00 P.M.

(The Sabha then adjourned till 2.00 P.M. on Tuesday the 18th January, 1972.)